

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 152 | ग्वालियर मंगलवार, 21 मार्च 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## एक नजर

### लिव-इन रिलेशनशिप का रजिस्ट्रेशन हो...मांग पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार



**नई दिल्ली।** लिव इन संबंधों के रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था बनाने की मांग सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है. कोर्ट ने इसे अव्यवहारिक बताया है. याचिका में श्रद्धा वालकर और निक्की यादव हत्याकांड का हवाला दिया गया था. इसमें कहा गया था कि गोपनीय तरीके से चल रहे ऐसे संबंध लगातार जघन्य अपराध की वजह बन रहे हैं. चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस पी एस नरसिम्हा और जे बी पारडीवाला की बेंच के सामने जब यह मामला लगा तो उन्होंने इस पर हैरानी जताई. चीफ जस्टिस ने कहा, यह किस तरह की मांग हैड़ आपको कैसे लगता है कि लोग ऐसे संबंध का रजिस्ट्रेशन करवाना चाहेंगेड़ ऐसी याचिका हर्जाना लगा कर खारिज करनी चाहिए. चीफ जस्टिस ने याचिकाकर्ता के लिए पेश वकील से पूछा कि वह क्या चाहते हैं. लिव इन संबंधों का रजिस्ट्रेशन कहां होगाड़ वकील ने कहा कि केंद्र सरकार को इसके लिए व्यवस्था बनानी चाहिए. इसके बाद कोर्ट ने याचिका को सुनने से मना करते हुए खारिज कर दिया. सुप्रीम कोर्ट की वकील ममता रानी की तरफ से दाखिल याचिका में कहा गया था कि लिव इन पार्टनर्स की सुरक्षा के लिए उनके संबंध की जानकारी पुलिस के पास होना जरूरी है. लिव इन में रह रहे लोगों की संख्या की जानकारी जुटाई जानी चाहिए. यह जानकारी तभी मिल सकेगी, जब लिव इन रिलेशन का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया जाएगा. याचिका में यह भी कहा गया था कि सुप्रीम कोर्ट ने कई आदेशों में खतरे का सामना कर रहे लिव इन रिलेशन में रह रहे लोगों को सुरक्षा दी है. इस तरह के संबंधों को मौलिक अधिकारों के दायरे में माना है। लेकिन अभी ऐसे संबंधों के रजिस्ट्रेशन की कोई व्यवस्था नहीं है.

### राहुल गांधी ने मांगी लोकसभा में बोलने की इजाजत



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के लंदन में दिए बयान पर राजनीति लगातार गरमायी हुई है. भारतीय जनता पार्टी विदेशी धरती पर देश का अपमान करने का आरोप लगाते हुए राहुल गांधी से माफी की मांग कर रही है. वहीं, इस मामले पर मचे बवाल को देख राहुल ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर सदन में बोलने की इजाजत मांगी. कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक राहुल गांधी ने शनिवार (18 मार्च) को नियम 357 के तहत लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखा था. इससे पहले राहुल ने गुरुवार को लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात कर बोलने का समय देने का अनुरोध किया था. राहुल ने कहा था कि सरकार के मंत्रियों ने उन पर आरोप लगाए हैं ऐसे में उन्हें अपनी बात रखने का हक है. वहीं, सूत्रों के मुताबिक हाउस ऑर्डर में आने पर लोकसभा अध्यक्ष की ओर से राहुल गांधी को बोलने की इजाज़त दी जाएगी. दरअसल, राहुल गांधी 16 मार्च को संसद पहुंचे थे और उन्होंने इस दौरान स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात कर बोलने का वक्त मांगा था. हालांकि, मुलाकात के बाद राहुल ने अंदेशा जताया था कि उन्हें इजाजत नहीं दी जाएगी. बता दें, राहुल के लंदन वाले बयान को लेकर संसद में हंगामा मचा हुआ है. दोनों सदनों में भारतीय जनता पार्टी के सांसद राहुल गांधी से माफी की मांग करते हुए नारेबाजी कर रहे हैं. वहीं, विपक्ष अडाणी मुद्दे पर नारेबाजी कर रहा है. इस लगातार हो रहे हंगामे के चलते बजट सत्र के दूसरे भाग में एक भी दिन कार्यवाही नहीं चल सकी है. वहीं, राहुल गांधी विदेश मंत्रालय की कमेटी की मीटिंग में अपने दिए बयान पर सफाई देते हुए कहा था कि मेरा बयान किसी देश या सरकार को लेकर नहीं था.

### लोकसभा चुनाव में बीजेपी को दूसरी पार्टियां जिताएंगी 60 सीटें

2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने अकेले 303 सीटों का आंकड़ा पार कर लिया था. लेकिन साल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में यही पार्टी कई राज्यों में क्षेत्रीय पार्टियों को अपने पाले में लाना चाहती है. आने वाले लोकसभा चुनाव से पहले जहां एक तरफ सभी विपक्षी पार्टियां एक दूसरे के साथ गठबंधन कर बीजेपी को चुनौती देने की तैयारी में है वहीं दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी अपना दल से लेकर लोक जनशक्ति पार्टी तक, नेशनल पीपल'स पार्टी से लेकर टिपरा मोथा तक, सभी क्षेत्रीय पार्टी को अपने साथ मिलाना चाहती है. लेकिन सवाल उठता है कि आखिर क्यों 2024 के चुनाव में क्षेत्रीय पार्टी का साथ होना बीजेपी के लिए कितना जरूरी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने अकेले अपने दम पर जीत का आकंड़ा पार कर लिया था. 303 सीटें जीतकर पार्टी ने ये साबित कर दिया कि वो अकेले सरकार बनाने में सक्षम है. लेकिन पिछले 4 सालों में जो हुआ उसका अनुमान शायद ही बीजेपी ने लगाया होगा. जहां एक तरफ बीजेपी अलग-अलग राज्यों में फिर चाहे वो गुजरात हो या मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश हो या हरियाणा सरकार बना रही थी वहीं कुछ राज्यों में बीजेपी के दोस्त यानी कि गठबंधन वाली पार्टियां उसका साथ छोड़ रही थी. बिहार की लोक जनशक्ति पार्टी, लव हेट रिश्ता रखने वाली जनता दल यूनाइटेड, गोवा में विजय सरदेसाई की गोवा फॉरवर्ड पार्टी, तमिलनाडु की छ्रस्छ्य, पश्चिम बंगाल में गोरखालैंड की मांग करने वाली गोरखा जनमुक्ति मोर्चा, राजस्थान की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी और पंजाब में शिरोमणि अकाली दल. ये वो पार्टियां है जिन्होंने बीजेपी का साथ 2019 के बाद छोड़ दिया.

प्रियंका गांधी हों पीएम उम्मीदवार

# कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने एबीपी न्यूज़ से बातचीत में एक बड़ा बयान दिया है. लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस की ओर से नेतृत्व के चेहरे को लेकर उन्होंने प्रियंका गांधी को प्रधानमंत्री का चेहरा घोषित करने की मांग की है. उन्होंने ये भी कहा कि कांग्रेस पार्टी के पास चेहरों की कोई कमी नहीं है. उन्होंने यूपी की कानून व्यवस्था पर बात करते हुए कहा कि अगर बुलडोजर ही कानून व्यवस्था संभाल रहा है तो पुलिस को नगर निगम, सिंचाई या पीडब्ल्यूडी महकमे के हवाले कर देना चाहिए. आचार्य प्रमोद कृष्णम ने ये भी कहा कि कांग्रेस के भीतर कुछ लोग हैं, जो पार्टी के भीतर रहकर दीमक की तरह उसे चाटकर बर्बाद करने की कोशिश में लगे हैं.

**कांग्रेस की कोशिशों को झटका**–लोकसभा चुनाव 2024 से पहले विपक्षी एकता बनाने के लिए कांग्रेस की कोशिशों को लगातार झटका लग रहा है. बीते महीने तेलंगाना के सीएम केसीआर के साथ उत्तर प्रदेश के पूर्व सीएम और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, आम आदमी पार्टी के सर्वेसर्वा और



दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के साथ पंजाब के सीएम भगवंत मान ने मुलाकात की थी. इस दौरान गैर-कांग्रेसी और गैर-बीजेपी गठबंधन बनाने को लेकर चर्चाएं हुई थीं. वहीं, कुछ दिनों पहले ही अखिलेश यादव ने पश्चिम बंगाल की सीएम और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी से मुलाकात की थी. इस मुलाकात के बाद कहा जाने लगा है कि समाजवादी पार्टी अब कांग्रेस के साथ गठबंधन के बारे में नहीं सोच रही है और ममता बनर्जी को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए पीएम कैंडिडेट घोषित किए जाने को लेकर अपना समर्थन देगी. बता दें कि यूपी विधानसभा चुनाव 2022 में भी समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस के साथ गठबंधन करने में रुचि नहीं दिखाई थी.

**राहुल गांधी खुद पीएम पद की दावेदारी से कर चुके हैं इनकार**–कांग्रेस की ओर से भले ही इनकार किया जा रहा हो, लेकिन सियासी गलियारों में इस बात की खूब चर्चा रही है कि भारत जोड़ो यात्रा के जरिये राहुल गांधी की छवि को सुधारने और बड़े नेता के तौर पर स्थापित करने की कोशिश की गई थी. हालांकि, राहुल गांधी कई मौकों पर लोकसभा चुनाव 2024 में प्रधानमंत्री पद की दावेदारी को नकार चुके हैं.

## बीजेपी सांसद वरुण गांधी फिर एक्टिव, रेल मंत्री को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** अपनी ही पार्टी के खिलाफ मुखर रहने वाले पीलीभीत से बीजेपी सांसद वरुण गांधी के तेवर अब नरम पड़ गए हैं. एक वक्त यह चर्चा थी कि वरुण गांधी बीजेपी छोड़ सकते हैं. लेकिन बीते कुछ दिनों के सियासी घटनाक्रम ने इन सियासी अटकलों पर विराम लगा दिया है. अब माना जा रहा है कि वरुण गांधी 2024 में एक बार फिर से पीलीभीत से दम भरने के लिए तैयार हैं. अब बीजेपी सांसद ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को एक पत्र लिखा है.

वरुण गांधी ने अपने संसदीय क्षेत्र की बीसलपुर रेलवे स्टेशन के समीप स्थित कोयला डिपो को हटाए जाने की मांग रखी है. बीजेपी सांसद ने अपने पत्र में कहा, मेरे संसदीय क्षेत्र जनपद पीलीभीत के मोहल्ला हबिबुल्लाह खां, गांधी नगर कॉलोनी बीसलपुर में कॉलोनी के पास ही रेलवे स्टेशन स्थित है. यहां पर कोयला उतार का कार्य हो रहा है. जिससे की कोयले की धूल हवा में उड़ कर लोगों के घरों में जा रही है. घरों की छत काली होने



के साथ ही मोहल्ले के बुजुर्ग व बच्चे अस्थमा जैसी गंभीर का शिकार हो रहे हैं. बीजेपी सांसद ने लोगों द्वारा इस संबंध में की गई लिखित शिकायत को भी अपने पत्र के साथ रेल मंत्री को भेजा है. इस पत्र में उन्होंने आगे लिखा, मेरा आपसे आग्रह है कि उपरोक्त समस्या को गंभीरता पूर्वक देखते हुए कोयले उतार का कार्य बंद करवाने हेतु संबंधित को निदेशित करने का कष्ट करें. खास बात ये है कि बीते कई दिनों से कोयला डिपो को हटाए जाने को लेकर धरना प्रदर्शन चल रहा है. बता दें कि इससे पहले वरुण गांधी ऑक्सफोर्ड यूनियन का आमंत्रण को ठुकराने की वजह से चर्चा में आए थे. तब उनसे 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सही रास्ते पर है या नहीं' विषय पर आयोजित चर्चा में हिस्सा लेने का अनुरोध किया गया था. लेकिन वरुण गांधी ने कहा था कि उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर घरेलू चुनौतियों को उठाने की कोई योग्यता या समग्रता नजर नहीं आती और इस तरह का कदम एक 'अपमानजनक कार्य' होगा.

## कुमार विश्वास को बीजेपी ने ऑफर की एमएलसी सीट

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद के मनोनीत सदस्यों के नाम पर मंथन अभी भी जारी है. हालांकि सूत्रों का दावा है कि बीजेपी के ओर से मशहूर कवि कुमार विश्वास को एमएलसी सीट का ऑफर दिया गया था लेकिन उन्होंने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया है. हालांकि बीजेपी के में तीन और नामों पर मंथन चल रहा है. सूत्रों के अनुसार यूपी बीजेपी में एमएसली के मनोनीत सदस्यों के नाम पर मंथन तेज हो गया है. हालांकि सूत्रों का दावा है कि पार्टी के ओर से पहले मशहूर कवि कुमार विश्वास को एमएलसी के लिए ऑफर भेजा गया था. लेकिन उन्होंने इस ऑफर को ठुकरा दिया था. सूत्रों की मानें तो कुमार विश्वास ने राष्ट्रीय राजनीति में जाने की बात कहकर उस प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया है. जिसके बाद अब पार्टी ने दूसरे नामों पर चर्चा शुरू कर दी है.



**इनका भेजा गया है नाम**–सूत्रों के अनुसार अब बीजेपी कुछ और नामों को संभावित उम्मीदवारों की लिस्ट में शामिल कर सकती है. हालांकि इस बार पार्टी कुछ क्षेत्रिय अध्यक्षों को विधान परिषद भेजने पर विचार कर रही है. खास तौर से नृपेंद्र मिश्रा के बेटे साकेत मिश्र का भी नाम पैनल में भेजा गया है. इसके अलावा बीजेपी के तीन क्षेत्रीय अध्यक्षों का नाम इस पैनल में भेजा गया है. हालांकि अभी पार्टी में कई नामों पर मंथन हो रहा है. खास बात ये है कि लंबे वक्त से राज्य में विधान परिषद की पांच सीटें खाली है. बता दें कि राजनीति के जानकारों की मानें तो अभी यूपी बीजेपी के नए संगठन के विस्तार को लेकर मंथन चल रहा है. इसके बाद ही पार्टी एमएलसी के मनोनीत सदस्यों के लिए नाम का एलान करेगी. पार्टी के संगठन विस्तार का एलान होली से पहले ही होने वाला था लेकिन कुछ कारणों से अभी तक संगठन विस्तार नहीं हो पाया है.

## हरियाणा में बारिश और ओलावृष्टि का कहर, बर्बाद हुई फसल



**नई दिल्ली।** हरियाणा में मौसम में बदलाव के साथ हो रही बारिश अब किसानों के लिए परेशानी बनती जा रही है. हरियाणा के कई जिलों में रविवार को तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई. बेमौसम बरसात किसानों के आफत लेकर आई, बारिश और ओलावृष्टि से खेतों में खड़ी फसल को काफी नुकसान पहुंचा है. गुरुग्राम, रेवाड़ी, झज्जर और महेन्द्रगढ़ जिलों में खासकर इसका प्रभाव देखा गया. फसल बर्बाद होती देख रेवाड़ी में तो एक किसान की हार्ट अटैक से मौत भी हो गई. वही झज्जर में भी एक महिला किसान की हालत बिगड़ गई. बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवाओं की वजह से खेतों में गेहूं की फसल बिछी हुई दिखाई दी. बताया जा रहा है कि झज्जर जिले को छोड़कर बाकि के जिलों में बारिश से गेहूं और सरसों को 15 से 20 फीसदी नुकसान पहुंचा है. वही झज्जर के कृषि विभाग के अनुसार जिले में करीब 60 प्रतिशत फसलों को नुकसान हुआ है. झज्जर जिले के करीब 30 गांव में फसलों को नुकसान पहुंचा है. यहां लगभग 8800 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल के अलावा 5400 एकड़ में खड़ी सरसों की फसल और 450 एकड़ में खडी जौ और अन्य फसलों को नुकसान पहुंचा है. बारिश और ओलावृष्टि की वजह से खराब हुई फसलों को लेकर अब किसानों और विपक्षी पार्टियों ने मुआवजे की मांग की है. झज्जर कांग्रेस विधायक गीता भुक्कल ने अपने विधानसभा क्षेत्रों के गांवों का दौरा करते हुए जहां सरकार से मुआवजे की मांग की, वही कांग्रेस महासचिव और राज्यसभा सदस्य रणदीप सुरजेवाला ने मुआवजे की मांग की है, उन्होंने कहा कि सरकार को तुरन्त विशेष गिरवावरी करवाकर किसानों को 25 हजार रुपए के हिसाब से मुआवजा दें.

## महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस की पत्नी को दी थी धमकी

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस को फोन करके धमकी और ब्लैकमेल करने वाले एक शख्स को पुलिस ने गुजरात से गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस सूत्रों ने बताया, गिरफ्तार किये गये शख्स का नाम अनिल जयसिंघानिया है. अनिल की गिरफ्तारी से पहले उनकी बेटी और डिजाइनर अनुष्का जयसिंघानी को अमृता को रिश्वत देने के आरोप में मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था. आरोपी को पकड़ने के बाद मुंबई पुलिस क्राइम ब्रांच ने बताया कि गिरफ्तार किया गया आरोपी बहुत सालों से फरार था. इसलिए आरोपी को पकड़ने के लिए ऑपरेशन,छ्व चलाया जा रहा था. पुलिस ने कहा, आरोपी इंटरनेट का इस्तेमाल अपनी पहचान छुपाने के लिए कर रहा था. आरोपी के खिलाफ देश भर में 15 मामले दर्ज है. आरोपी के खिलाफ 20 फरवरी को मलबार हिल पुलिस ने दर्ज किया था. पुलिस ने कहा, इस आरोपी को पकड़ने के लिए 5 टीमें बनाई गई थी. इसी आरोपी ने क्राइम ब्रांच साइबर विभाग की टीम बनाई थी. बाद में गुजरात के बागदोरी इलाके में छिपे होने की जानकारी मिली थी. बाद में सूरत पुलिस ने सूरत ग्रामीण पुलिस और दूसरी पुलिस की मदद ली. मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी ने पुलिस को 72 घंटों तक चकमा दिया. एनसीपी के नेता प्रतिपक्ष अजीत पवार के विधानसभा में मुद्दा उठाए जाने के बाद यह मामला सुर्खियों में आया, जबकि राज्य कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने मामले को गंभीर करार दिया और गुरुवार दोपहर पूरे मामले की गहन जांच की मांग की. घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए, फडणवीस ने पूरे गड़बड़ी की पूरी जांच का आश्वासन दिया और यहां तक कि उन्हें निशाना बनाने और कलंकित करने के लिए पूर्व महा विकास



अघडी (एमवीए) शासन के दौरान रची गई राजनीतिक साजिश का संकेत भी दिया. बाद में, फडणवीस ने मीडियाकर्मियों को बताया कि उनकी पत्नी अमृता करीब 16 महीने पहले अनिक्षा के संपर्क में आई थीं, वह (अनिक्षा) कई बार फडणवीस के घर गई थीं और उनका विश्वास जीता था. अनिक्षा- जो उनसे पहली बार 2015 में मिली थी, और फिर नवंबर 2021 से फडणवीस परिवार के साथ नए सिरे से संपर्क किया था - ने अमृता को कुछ डिजाइनर कपड़े, आभूषण और अन्य सामान दिए थे, जिसमें उन्होंने अपने सामाजिक और सार्वजनिक शो में इनका प्रचार करने का अनुरोध किया था. इसके बाद, उनका विश्वास हासिल करने के बाद, अनिक्षा ने अपने पिता (अनिल जयसिंघानी) को एक आपराधिक मामले में फंसाने में मदद करने के लिए अमृता को 1 करोड़ रुपये की रिश्वत देने की कोशिश की थी, लेकिन अमृता ने मना करने के साथ ही ब्लॉक कर दिया, तो उसने (अनिक्षा) धमकी और ब्लैकमेल का सहारा लिया.

## बैंकॉक से मुंबई आ रहा था विमान, हवा में थी फ्लाइट और चली गई शख्स की जान

**नई दिल्ली।** बैंकॉक से एक हैरतअंगेज मामला सामने आया है. यहां बैंकॉक से मुंबई आ रहे इंडिगो विमान में एक शख्स की अचानक मौत हो गई. जानकारी के मुताबिक रविवार (19 मार्च) को एक यात्री को दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई. फिर मेडिकल इमरजेंसी में फ्लाइट को म्यांमार की ओर डायवर्ट किया गया. इंडिगो फ्लाइट 6श्व-57 ने अपने समय के अनुसार शाम 4 बजे बैंकॉक से उड़ान भरी. एक घंटे बाद ही फ्लाइट में बैठे यात्री को अचानक हार्ट अटैक आ गया और उसकी मौत हो गई. हार्ट अटैक के कारण फ्लाइट को रास्ते में ही म्यांमार के लिए डायवर्ट कर दिया गया. फिर करीब पांच घटे बाद फ्लाइट से यांगून से उड़ान भरी. जानकारी के मुताबिक पिछले दो दिनों में यह मेडिकल इमरजेंसी डायवर्जन का दूसरा मामला है, जब फ्लाइट को डायवर्ट कर दिया गया है. इससे पहले भी इंडिगो की फ्लाइट में ऐसा ही मामला सामने आया था, जब फ्लाइट की मेडिकल इमरजेंसी के कारण डायवर्सन करना पड़ा था. जानकारी के मुताबिक रांची से पुणे जारी इंडिगो की एक फ्लाइट को नागपुर के लिए डायवर्ट किया गया था. फ्लाइट के डायवर्ट होने की वजह यात्री की अचानक तबीयत बिगड़ना बताया गया था.

## आरटीएच बिल के विरोध में कोटा में चिकित्सा सेवाएं बंद

**नई दिल्ली।** यहां के डॉक्टरों ने आरटीएच बिल का तीखा विरोध शुरू कर दिया है.विरोधी डॉक्टरों ने ऐलान किया है कि वे चिकित्सा सेवाओं को पूरी तरह बंद कर देंगे.यदि सरकार ने जोर-जबरदस्ती की तो चिकित्सक समुदाय सड़कों पर निपटेगा.उनका कहना है कि जब तक सरकार इस बिल को वापस नहीं लेती, उनका आंदोलन जारी रहेगा. संघर्ष समिति के डॉक्टर अशोक शारदा ने कहा कि ये बिल पूरी तरह से डॉक्टरों के साथ-साथ जन विरोधी है.उन्होंने कहा कि सरकार अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने के लिए इस बिल को लेकर आई है. ये बिल चुनावी बिल के रूप में लाया गया है. इसमें अधिकांश बातें व्यवहारिक नहीं हैं. सोमवार को डॉक्टरों ने कोटा में पूरी तरह से काम बंद रखा. डॉक्टरों ने सरकार में बुद्धि लाने के लिए सद्बुद्धि यज्ञ किया.

डॉक्टर संजय जायसवाल ने कहा कि इस बिल को यदि लागू किया गया तो इसके दुष्परिणाम भुगतने होंगे.स्वास्थ्य का अधिकार संविधान के आर्टिकल 21 के जीवन के



अधिकार का अभिन्न अंग है.आजादी के 75 साल बाद भी जनता को यह अधिकार दिए जाने की जगह सिर्फ लीपापोती की जा रही है. सरकार को ये समझना होगा कि अधिकतर रोगी साफ हवा-पानी, स्वस्थ भोजन, स्वस्थ मन,उचित शिक्षा के अभाव में बीमार होते हैं.इसकी प्रत्यक्ष और परोक्ष जिम्मेदारी सरकार की है.सरकारी अस्पताल में इलाज निशुल्क होते हुए भी एक रोगी का निजी अस्पताल में जाना सरकार की कमी का स्पष्ट प्रमाण है. डॉ.अमित व्यास ने कहा कि मरीज को उसकी अपेक्षा के अनुरूप सेवाओं के लिए निजी अस्पताल में जाना पड़ता है.यदि सरकार सभी नागरिकों की स्वास्थ्य संबंधी अपेक्षाओं को पूरा कर पाती तो निजी क्षेत्र की आवश्यकता ही क्यों होती.सरकार के सभी आला मंत्री और अधिकारी अपनी स्वास्थ्य संबंधित आवश्यकताओं के लिए निजी क्षेत्र का रुख करना प्रमाण है कि सरकार न सिर्फ जनता बल्कि अपने मंत्री,अधिकारियों की भी स्वास्थ्य अपेक्षाएं पूरी करने में विफल रही है.वहीं डॉ.अखिल अग्रवाल ने कहा कि बिना पैसे के कोई भी काम नहीं कर सकता वहीं बिल में यह भी स्पष्ट है कि डॉक्टर को मरीज देखना ही होगा चाहे वहां सुविधा हो या न हो,ये कैसे संभव है कि गायनी का डॉक्टर हार्ट के मरीज को देख पाएगा. प्रदर्शन करने वाले डॉक्टरों ने कहा कि राज्य की जनता को ये समझना होगा कि अच्छी और विश्व स्तरीय चिकित्सा मुफ्त या सरकारी पेकेज में नहीं मिल सकती. उनका कहना था कि इस बिल के आने के बाद निजी अस्पताल बंद हो जाएंगे. सरकारी सिस्टम से त्रस्त लोगों को कोई राह नहीं बचेगी.डॉक्टरों ने बिल को जन विरोधी और दमनकारी कानून बताते हुए कहा कि इसकी एक सभ्य समाज में कोई जगह नहीं है.आईएमए और डॉक्टरों के संगठनों ने सरकार से इस बिल को वापस लेने की अपील की.

## एक नजर...

### सांसद डॉ.के.पी.यादव ने बजट सत्र के द्वितीय चरण में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण सम्बन्धी संसदीय समिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया

जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना



**शिवपुरी।** संसद में बजट सत्र का द्वितीय चरण चल रहा है, इस बीच स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संबंधी स्थाई समिति का प्रतिवेदन गुना-शिवपुरी-अशोकनगर सांसद एवं उक्त संसदीय समिति के सदस्य सांसद डॉ.के.पी.यादव ने प्रस्तुत किया। सांसद डॉ.के.पी.यादव ने संसद के पटल पर प्रतिवेदन रखते हुए अनुदान की मांग पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग एवं मंत्रालय की अनुदान मांगों 2023-24 (मांग संख्या 46)के संबंध में समिति का 143 वा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, इसके साथ स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की अनुदान मांगों 2023-24 (मांग-संख्या 47) के संबंध में समिति का 144 वां प्रतिवेदन और आयुष मंत्रालय की अनुदान मांगों 2023-24 (मांग संख्या 4)के संबंध में समिति का 145 वां प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उल्लेखनीय है कि सांसद डॉ.के.पी.यादव स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संबंधी संसदीय स्थाई समिति के सदस्य हैं जहां समय-समय पर समिति की बैठकों में चर्चा विमर्श के बाद विभिन्न अनुदान की मांगों के संबंध में बजट का प्रस्तुतीकरण किया गया।

### माधव राष्ट्रीय उद्यान शिवपुरी में नर बाघ को खुले में छोड़ा गया


राकेश परिहार पिछोर



**शिवपुरी।** माधव राष्ट्रीय उद्यान शिवपुरी में आज नर बाघ को बाड़े से निकालकर बाहर खुले वनक्षेत्र में छोडा गया है। संचालक एवं मुख्य वन संरक्षक सिंह परियोजना शिवपुरी ने बताया कि माधव राष्ट्रीय उद्यान शिवपुरी में दो मादा एवं एक नर बाघ अन्य टाइगर रिजर्व से पुर्नस्थापित किए गए है। आज सोमबार को सांय लगभग 4 बजे नर टाइगर को बाड़े से बाहर खुले वनक्षेत्र में छोड़ दिया गया है। खुले वनक्षेत्र में फील्ड स्टाफ द्वारा टाइगर ट्रेकिंग भी लगातार की जा रही है।

### श्रीरामनवमी के अवसर पर प्राकट्य पर्व 30 मार्च को

राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर



शिवपुरी। जिले में श्रीरामनवमी के अवसर पर प्राकट्य पर्व का आयोजन 30 मार्च को जिला प्रशासन के सहयोग से किया जाएगा। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने गतवर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्ण गरिमामय ढंग से आयोजित किए जाने हेतु जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी को संपूर्ण कार्यक्रम का नोडल अधिकारी तथा जिला आबकारी अधिकारी अथवा पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के सचिव वीरेन्द्र धाकड़ को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### समग्र ई केवाईसी के सत्यापन कार्य में लापरवाही बरतने पर नोटिस




राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर

शिवपुरी। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के अंतर्गत समग्र ई केवाईसी के सत्यापन कार्य में रूचि न लेने, महत्वपूर्ण योजना के सफल क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब करने एवं पदीय दायित्वों एवं कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही तथा उदासीनता बरते जाने के कारण दो समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए है। जारी नोटिस के तहत समग्र ई केवाईसी के सत्यापन कार्य में लापरवाही बरतने पर समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी कल्पना दिवरिया तथा नितिन कुमार गुप्ता को कारण बताओ सूचना पत्र का जवाब सात दिवस में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है। अन्यथा की स्थिति में मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम-1966 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

### ओला वृष्टि से बर्बाद हुई फसलों का शीघ्र मुआवजा दे सरकार : के पी सिंह बुंदेला



**पन्ना।** आदिवासी दलित क्रांति सेना (बुंदेलखंड) के संगठन संयोजक के पी सिंह बुंदेला ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया की रविवार को पन्ना जिले में बेमौसम बरसात के साथ-साथ वही ओला वृष्टि से जिले के किसानों की चना, गेहूं सरसों सहित अन्य फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई है बुंदेला ने अपने बयान में कहा है इस अतिवृष्टि से अन्नदाता किसानों के घरों में खाने के लाले पड़ गए है साथ ही पीड़ति किसानों को दो जून की रोटी का ठिकाना लगाना मुश्किल हो गया है कर्ज लेकर सालभर की खेती के बाद तरह-तरह के सपने देखने वाले पीड़ति किसानों के परिवारों में रो रोकर हाहाकार मचा हुआ है किसी को बिटिया बहन की शादी करनी थी। बुंदेला ने सूबे के मुखिया आदरणीय शिवराज सिंह चौहान जी पीड़ति किसानों की फसलों का अविलंब सर्वे कराकर जल्द से जल्द मुआवजा दिए जाने की मांग की है अन्यथा बुंदेला ने कहा है कि पन्ना जिले में ओलावृष्टि के साथ कहीं अधिक एव लगातार दो-तीन दिन से वर्षा हो रही है जिससे फसल चौपट हो चुकी है यदि किसानों के मुआवजा वितरण करने में लेटलतीफी की गई तो पीड़ति किसानों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन आदिवासी दलित क्रांति सेना के नेतृत्व में किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# शिवपुरी के होटल एवं लॉज चंद पैसों के लिए कर रहे बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़

अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- खबर शिवपुरी से हैं जहां होटलों मैं कुछ पैसों के लिए शिवपुरी के होटल और लॉज वाले नाबालिक लड़के लड़कियों को, रूम उपलब्ध करा देते हैं इनसे बाद में उन लड़के और लड़कियों को घर वालों को जब मालूम चलता है तो घर बाले थानों मैं एफ.आई.आर. कराने के लिए पहुच जाते है इस पूरी

**लोकल आई डी पर भी दे देते है रूम**

घटना मैं नाबालिक लड़के और लड़कियों की जिंदगी खराब हो रही हैं लेकिन इन सब से होटल और लॉज बालो को कोई लेना देना नही होता इसमें जितने गुन्हेगार लड़के ,लडकिया हैं उन से भी बड़े गुन्हेगार तो बे सब होटल और लॉज बाले हैं अभी हाल ही मैं संजय लॉज कोर्ट रोड स्थित हैं उसमें एक 15 साल की मासूम के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया था इससे पहले 1 माह पूर्व होटल जायका से भी एक मामला सामने आया था जिसमें भी दुष्कर्म का मामला थाना कोतवाली में दर्ज हुआ था ऐसे तमाम होटल हैं जो कुछ पैसों में घंटे 2 घंटे के लिए रूम देकर नाबालिग लड़के लड़कियों का जीवन खराब कर रहे हैं सबसे बड़ी बात यह है कि होटल वाले यह जानते हैं कि यह लड़के लड़कियां सब लोकल के और आसपास के क्षेत्र के रहने वाले हैं जिनको होटल में रूम लेने की क्या आवश्यकता पड़ती है अगर होटल और लॉज वाले इन लड़के लड़कियों को रूम देना बंद कर दें तो बलात्कार के मामलों में काफी कमी आएगी और रोज होने वाली ऐसी वारदातों मैं भी कमी देखने को मिलेगी लेकिन इस कलयुग में सबको पैसा प्यारा है कोई भी पैसे को छोड़ना नहीं चाहता

शिवपुरी शहर में तमाम ऐसे होटल हैं जो कुछ पैसों के लिए घंटे 2 घंटों के लिए रूम दे देते हैं जिनमें सबसे ज्यादा प्रसिद्ध होटल शहर के बीचो बीच में स्थित राज पैलेस है जोकि माधव चौक पर स्थित है सबसे ज्यादा किसी होटल की शिकायत मिलती है जिसमें कुछ कुछ पैसे देकर और लोकल की आईडी दिखाकर 1 घंटे के लिए 2 घंटे के लिए रूम मिल जाता है इससे पहले भी यह होटल का नाम ऐसी ही वारदातों में आया था लेकिन ऐसे होटलों पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती राज होटल के अलावा होटल जायका ग्वालियर बायपास पर स्थित है उसमें रूम आसानी से मिल जाते हैं संजय लॉज का मामला हाल ही में देखने को मिला है जिसमें कल ही बलात्कार की घटना सामने आई है मंगलम लॉज भी एक ऐसी लॉज है जहां पर सो ड़200 में 1 घंटे 2 घंटे के लिए रूम मिल जाता है इन सब पर कार्यवाही करने में कहीं न कहीं पुलिस नाकाम दिखाई दे रही है

# नगर पालिका कर्मचारी पहुंचे लाडली बहनों को लाभ देने और नगर पालिका में हितग्राही हो रहे परेशान

अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- शिवपुरी नगर पालिका में नगर पालिका के कर्मचारियों को वार्डो में भेजकर लाडली बहना योजना का लाभ दिलाने के लिए नगरपालिका




के कुछ कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है जिससे वह अपने कार्यालयों में ताला लगा कर वार्डों में ज्यादा से ज्यादा केवाईसी करवा कर लाडली बहनों को मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत मिलने बाली 1000 की राशि दिलवाने में मदद कर रहे हैं लेकिन वहीं दूसरी ओर उन कर्मचारियों के नगरपालिका में मौजूद ना होने के कारण सैकड़ों की संख्या में आने वाले रोज हितग्राही परेशान हो रहे हैं और नगरपालिका के चक्कर लगा रहे हैं जिसके कारण छोटे-छोटे कामों के लिए नगर पालिका मैं आने वाले दूर दूर से लोगों को निराशा हाथ लेकर वापस जाना पड़ रहा है इसके लिए जिम्मेदार लोग अपने योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए कुछ लोगों को खुश करने के लिए बहुत सारे लोगों को दुखी कर रहे हैं ऐसे में उन लोगों की ड्यूटी वार्डों में लगाई गई है जिनकी ड्यूटी नगरपालिका में हमेशा रहती है यदि आपको अपनी लाडली बहनों को लाभ ही प्राप्त कराना था तो उन बहनों बहनों के भाइयों को ही तो वार्डों में वालंटियर बनाकर उनसे केवाईसी करवा देते जिससे उन को रोजगार भी मिल जाता और बहनों को लाभ भी मिल जाता नगरपालिका के बाहर इतने लोग निराश होकर लौटे जिन से बात करने पर पता चला कि वह पिछले कुछ समय से रोज नगरपालिका के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन नगरपालिका के कार्यालयों में हमेशा ताला लटका मिलता है कहीं कोई सही जानकारी प्राप्त भी नही देता है कोई कहता है इससे मिल लो कोई कहता है फलाना व्यक्ति तो ट्रेनिंग में गया है वह तो 2 दिन बाद मिलेगा जब 2 दिन बाद आओ तो पता चलता है कि उसकी ड्यूटी अब यहां पर नहीं रही अब वह और कहीं ड्यूटी कर रहा है ऐसे में हितग्राही परेशान होकर और निराशा हाथ लेकर लौट रहे हैं और संबंधित अधिकारी आराम से अपने केबिन में बैठकर मजे ले रहे हैं।



### आज बूथ विस्तार अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ता बम्मनखिरिया बूथ पर पहुंचे

दैनिक पुष्पांजली टुडे मुंगावली संवाददाता जितेंद्रराय

जिसमे विधान सभा प्रभारी श्री नरेश ग्वाल भाजपा सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जैसे मुख्यमंत्री लक्ष्मी लाडली योजना मुख्यमंत्री कन्यादान योजना मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना प्रधानमंत्री आवास योजना प्रधानमंत्री मुद्रा योजना प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना व प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।मंडल प्रभारी उत्तम सिंह जी सहराई मंडल अध्यक्ष श्री रविन्द्र लोधी जी युवा मोर्चा जिला मंत्री विक्रम यादव जी मंडल महामंत्री यशपाल यादव जी युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नेतराम लोधी एवम अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस मौके पर सभी वरिष्ठ जनों ने ग्रामीणों की समस्या भी सुनी।

# किसानों को आर्थिक सहायता तुरंत दी जाये: पूर्व मंत्री चौ राकेश सिंह

**पूर्व मंत्री चौ राकेश सिंह ने की ऊमरी क्षेत्र में ओला अतिवृष्टि, सरसों फसल पर आगजनी के मुआवजे की मांग**

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । प्राकृतिक प्रकोप से ऊमरी तहसील क्षेत्र के ग्राम पुलावली, बझाई, पाण्डरी, ईश्वरी, रमपुरा, अकोडा, सियोड़ा, सरसई, गुसींग, अकाह, ऊमरी, खरिका, मोतीपुरा, कोट, सगरा, बीसलपुरा, मोतीपुरा, गहबत, पुले, पेवली, पेवली का पुरा, गुलालपुरा, ककहारा, अतरसूमा, पुराहूमना, महुअन का पुरा, विलाव, खेरा श्यामपुरा आदि क्षेत्रों में अत्याधिक ओलावृष्टि, अत्याधिक वारिस से सरसों की और गेहूँ की खड़ी हुई फसल को गंभीर क्षति हुई है किसान जो पूरे वर्ष की मेहनत करके रवि की फसल पर आधारित रहता है उसकी फसल सुरक्षित घर पहुचने के पहले ही प्राकृतिक प्रकोप की चपेट में आ गई किसान की खेती में लगाई हुई लागत जुताई. बुवाई, खाद, पानी, बीज, इन सब की कीमत भी निकलना मुश्किल हो गया है। इस प्राकृतिक आपदा से किसान के परिवार के नौजवान (युवा) बच्चे बच्चियों का पढ़ाई और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में भारी व्यवधान हो गया है। सरकारें आरबीसी राजस्व विभाग के द्वारा प्रस्तावित शासकीय नियमों के अनुसार इस क्षेत्र का भौतिक सत्यापन शीघ्र कराया जावे एवं एक कमेटी बनाकर इसका सर्वे पूर्ण कराया जावे जिसमें राजस्व



अधिकारी, सहकारिता अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव की उपस्थिति सुनिश्चित रहे ताकि क्षति का मूल्यांकन सही रूप से किया जा सके और सरकार की राहत आपदा के नियमों के अनुसार किसानों को इस आपदा के समय अधिक से अधि क मुआवजा दिलाया जावे, यह आप से अनुरोध है कृपा पूर्वक अगर समय सीमा में यह कार्य करायेगें तो किसानों को तात्कालिक नुकसान का सही मूल्यांकन किया जा सकता है और उन्हें राहत के तौर पर शासन की प्राप्त सहयोग राशि जो श्रीमान् के मार्गदर्शन में उपलब्ध होगी उससे कुछ राहत किसानों को मिल सकेगी।

पूर्व मंत्री चौ राकेश सिंह ने कहा कि आरबीसी के नये नियमों के तहत एवं मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए अधिक से अधिक किसानों को ज्यादा से ज्यादा आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। चौ. राकेश सिंह चतुर्वेदी पूर्व मंत्री, गोविन्द सिंह कुशवाह सरपंच बझाई, जिला अध्यक्ष सरपंच संगठन, जिला भिण्ड बादशाह सिंह यादव, ऊमरी कुलदीप सिंह कुशवाह,पूर्व जिला पंचायत सदस्य, जिला भिण्ड विनीत मिश्रा, ग्राम ईश्वरी जिला भिण्ड पंकजसिंह कुशवाह, ग्राम पाण्डरी रामप्रताप सिंह कुशवाह, ग्राम पुलावली सुरेन्द्र सिंह चौहान,पूर्व सरपंच ग्राम गुसिंग, जिला भिण्ड बृजमोहन सिंह कुशवाह, ग्राम लाहरोली, रामहर्ष सिंह कुशवाह, ग्राम ढोचरा रामस्वरूप सिंह यादव, ग्राम ऊमरी महेन्द्रसिंह कुशवाह, पूर्व सरपंच, खरिका रामूसिंह कुशवाह, पूर्व सरपंच, ग्राम सरसई महेशसिंह कुशवाह, ग्राम पाण्डरी वीरपाल सिंह, ग्राम ढोचरा राजूसिंह, पूर्व सरपंच सगरा शपूरेलालसिंह बघेल, सरपंच, गुलालपुरा जयसिह, सरपंच, गुलालपुरा कृपालसिंह बघेल, पेऊली राघवेन्द्र सिंह, ग्राम अकोड़ा राघवेन सिंह आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### डॉ राधेश्याम शर्मा दूसरी बार बने शहर कांग्रेस कमेटी भिंड के अध्यक्ष

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ ने नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह की अनुशंसा पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ राधेश्याम शर्मा को लगातार दूसरी बार कांग्रेस कमेटी भिंड शहर अध्यक्ष बनाया है। उन्होंने अपने मनोनयन पर कहा है कि वह कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय मल्लिकार्जुन खडगे की भावना अनुसार कांग्रेस संगठन की विचारधारा को जन जन में पहुचाने का काम करेंगे और आने वाले विधानसभा चुनाव में सन 2023 में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाने के लिए कांग्रेस को जिताने की पुरजोर कोशिश करेंगे। उनके मनोनयन पर बधाई देने वालों में नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह,पूर्व मंत्री चौ राकेश सिंह, पूर्व विधायक हेमंत कटारे, खिजर मोहम्मद कुरेशी राम प्रकाश यादव रणवीर सिंह भदोरिया मान सिंह कुशवाहा डॉ वीरेंद्र भदौरिया संतोष त्रिपाठी रेखा भदौरिया कल्पना मिश्रा सौम्या शर्मा शेखर शुक्ला,संदीप मिश्रा प्रदीप जैन गुड्डा पान सिंह सुमन गजेंद्र भदोरिया रामजी लाल शाक्य सुनील कांकर राम अवतार सिंह भदोरिया राहुल कुशवाह विक्रम उपाध्याय राम प्रकाश जाटव ,इरशाद कुरैशी नईम पठान, मोहम्मद इरफान, गममू रईस खान, बॉबी शर्मा,कुलदीप भारद्वाज नीरज त्रिपाठी ,अहिवरन सिंह आदि।

### रोजगार सहायक महासंघ के आह्वान पर नियमितीकरण एवं वेतन वृद्धि को लेकर 31 मार्च तक अवकाश पर रहे ने सीओ को दिया ज्ञापन

दैनिक पुस्पांजली टुडे



प्रदेश संगठन ग्राम रोजगार सहायक महासंघ के आव्हान पर अपने नियमितीकरण और वेतन वृद्धि की माँग को लेकर जनपद पंचायत गोहद के समस्त रोजगार सहायक भिंड जिले की 6 जनपद पंचायत मेंहगाँव, रौन, लहार, भिंड और अटेर सहित समस्त जनपद पंचायतों के साथ संपूर्ण जिला,आज 20 से 31 मार्च तक सामूहिक कलमबंद हडताल पर रहेगें इस सबंध में गोहद के मुख्यकार्यपालन अधिकारी दिनेश शाक्य को ज्ञापन सौपा।

### शिवपुरी से राजस्थान के करौली में यात्रा पर गया था परिवार

**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले के चिलावद गांव के रहने वाले कुशवाह समाज के एक ही कुटुंब के 17 लोग 14 मार्च को राजस्थान के करौली कैलादेवी की पैदल यात्रा पर निकले थे। 18 मार्च को टेंटरा थाना क्षेत्र में चंबल नदी पार करते वक्त नदी के तेज बहाव में परिवार के 7 लोग बह गए थे। इसके बाद रेस्क्यू टीम से चंबल नदी में रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया था। जानकारी के मुताबिक सभी लापता 7 लोगों के शव रेस्क्यू टीम ने बरामद कर लिए है। घटना के बाद रेस्क्यू टीम ने 18 मार्च देवकीनंदन कुशवाह पुत्र हीरा कुशवाह उम्र 60 साल और कल्लो कुशवाह पत्नी चेंऊं कुशवाह उम्र 30 साल का शव बरामद कर लिया था। जिनका अंतिम संस्कार चिलावद गांव में 19 मार्च की सुबह किया गया था। इसके बाद 19 मार्च की सुबह रेस्क्यू टीम को अलोपा कुशवाह पत्नी देवकीनंदन कुशवाह उम्र 45 साल का शव चंबल नदी से बरामद कर लिया था। जिसका अंतिम संस्कार चिलावद गांव में 19 मार्च की शाम किया गया। 19 मार्च की शाम रश्मि कुशवाह पत्नी सुनील कुशवाह उम्र 19 साल और रुकमणी कुशवाह पत्नी दीपक कुशवाह उम्र 20 साल का शव रेस्क्यू टीम ने खोज लिया था। जिनका अंतिम संस्कार चिलावद गांव में आज सुबह किया गया है। जानकारी के मुताबिक लापता 30 साल के ब्रजमोहन कुशवाह का शव आज सुबह रेस्क्यू टीम ने बरामद कर लिया। इसके बाद लापता 10 साल के मासूम लवकुश कुशवाह पुत्र थान सिंह के शव को बरामद कर लिया गया। ब्रजमोहन कुशवाह और लवकुश का शव देर रात तक चिलावद गांव पहुंच जाएगा।

# न्यायालय में झूठी गवाही देने वाले को न्यायालय ने कठोर कारावास का दण्ड सुनाया

सहायक मीडिया सेल प्रभारी शैलेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा बताया गया कि फरियादी महेन्द्र व आरोपी देशराज के मध्य जमीनी विवाद चल रहा था इसी रंजिश पर से दिनांक 10.06.2012 को सुबह करीब 09ः00 बजे देशराज फर्सा, डम्पी कुल्हाड़ी रविन्द्र लाठी सतेन्द्र सिंह, नाहर सिंह माउजर कट्टा अशोक सिंह, लल्लू सिंह एवं तीन चार अन्य लोग बेसवाल बेंत लाठी लेकर एक राय होकर आये जिसमें से नाहर सिंह व सतेन्द्र ने कट्टा से फायर किए तथा आरोपी देशराज ने सुरेन्द्र को जान से मारने की नियत से फर्सा मारा जो सिर तथा आरोपी देशराज ने सुरेन्द्र को जान से मारने की नियत से फर्मा मारा जो सिर में बायीं तरफ लगा, जिससे घाव होकर खून निकल आया। डम्पी ने कुल्हाडी आहत सुरेन्द्र सिंह को जाने से मारने की नियत से सिर में मारी उसने बचाव में बायां हाथ उपर किया जिससे उसे हाथ की गाई कट गई, सभी आरोपीगण ने एकराय होकर लाठी, फर्सा, कुल्हाडी से मारपीट की थी जिससे आहतगण को शरीर में चोटें आयी, देवेन्द्रसिंह, परिमाल सिंह, रामबरन ने आकर बीच बचाव कराया। आरोपीगण सतेन्द्र नाहर सिंह कट्टों से फायर करते हुए भाग गये। उक्त सत्र प्रकरण में विचारण के दौरान साक्षी राधचरन सुरेन्द्र, जितेन्द्र, नरेन्द्र. प्रदीप, प्रेमसिंह . महेन्द्र के संबंध में इस आशय की साक्ष्य आई है कि उक्त साक्षीगण शपथ पर न्यायालय में साक्ष्य देते हुए या तो मुख्य परीक्षण में असत्य बोल रहे हैं या प्रतिपरीक्षण में बचाव पक्ष के सुझाव को स्वीकार कर उन्होंने असत्य कथन किये है, जिस पर से उक्त प्रकरण में घोषित निर्णय दिनांकित 12ः08.2015 में साक्षीगण (इस प्रकरण में अभियुक्तगण) के विरूद्ध माननीय द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश गोहद द्वारा यह निष्कर्षित किया गया है कि न्याय प्रशासन पर प्रभाव डालने वाला अपराध साक्षीगण के द्वारा किया गया है जिसके कारण उनके विरूद्ध उचित व अग्रिम कार्यवाही करने हेतु यह परिवाद पत्र न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी को भेजा गया जिस पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा सज्ञान लेकर विचारण किया गया। जिसके पश्चात आरोपीगण महेन्द्र सिंह पुत्र महाराजसिंह, जितेन्द्र सिंह पुत्र रोशन सिंह, प्रेमसिंह पुत्र महाराजसिंह को दंडित किया गया। मान0 न्यायालय जेएमएफसी, गोहद जिला भिण्ड द्वारा दिनांक 17/03/2023 को अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य से सहमत होते हुये अभियुक्तगण महेन्द्र सिंह पुत्र महाराजसिंह, उम्र 32 वर्ष, जितेन्द्र सिंह पुत्र रोशन सिंह, उम्र 35 वर्ष, प्रेमसिंह पुत्र महाराजसिंह, उम्र 48 वर्ष, को धारा 193 भादवि में 06-06 माह का सश्रम कारावास तथा 500-500 /- रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

# धमतरी जिला में संगठन को और सुदृढ़ करेंगे: चवन लाल बघेल

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

विगत दिवस को दोपहर दो बजे भाजपा पार्टी जिला कार्यालय धमतरी में अनुसूचित जाति मोर्चा जिला कार्यकारिणी की प्रथम बैठक आयोजित की गई । स्वागत भाषण में अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष हरिशंकर सोनवानी ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर निरन्तर सम्पर्क साधना जरूरी है और साथ में कमल युवा वाहिनी गठन किया जायेगा ताकि हरा=भरा रहे हमेशा यह संगठन वृक्ष। बहुत ही हर्ष का विषय है कि धमतरी जिला प्रभारी के रूप में चवन लाल बघेल शोध एवं निती प्रदेश सह प्रभारी भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा छत्तीसगढ़ का आगमन हुआ है। आपके कुशल नेतृत्व से जिला में कार्य करेंगे जिससे मोर्चा संगठन को मजबूती मिलेगी ।

भाजपा जिला संगठन जिलाध्यक्ष ठाकुर शशी पवार एवं जिला महामंत्री कविंद्र जैन महानुभाव का गाइड लाइन अनुसूचित जाति मोर्चा कार्यकर्ताओं को भी मिला इस मौके पर संगठन जिलाध्यक्ष ठाकुर शशी पवार के द्वारा भाजपा का मूल दर्शन एकात्म मानववाद हमारा मूल दर्शन हैं इस पर एक एक व्यक्ति को पहचानना एवं जोड़ना और कार्य में लगाना पार्टी का ध्येय व स्वभाव है। सात मोर्चा को जिला के 750 बूथों पर वोट बढ़ाने की आवश्यकता है। देश हित में सरकार बनाना भाजपा का सदैव लक्ष्य रहा है। धमतरी जिला के तीन विधानसभा सीटों पर सफलता हासिल पाने के लिए पार्टी को सुनिश्चित योजनांतर्गत काम करना है। वक्त कम है लोगों को समझा दो कुछ मैं समझाऊं कुछ आप समझा दो ।जिला धमतरी के नये जिला प्रभारी चवन लाल बघेल ने कहा कि आप सबने मेरा आत्मिक स्वागत वंदन किया इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं भाजपा का एक कर्मठ कार्यकर्ता हूं जिसे प्रदेश नेतृत्व ने मुझे बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है मुझे विश्वास है कि जिला धमतरी का गौरव प्रदेश भर में जाना जाता है आप सभी कार्यकर्ताओं के पुरूषार्थ से , नेतृत्व एवं मेहनत से तथा समर्थन और आशीर्वाद से ही छत्तीसगढ़ राज्य में डब्बल इंजन बनाना है। पार्टी जिला संगठन को सुदृढ़ बनाने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे क्योंकि संगठन में सबके सहयोग से काम होता है । अतीत से वर्तमान तक इसका गौरवशाली इतिहास रहा है। शोध एवं निती प्रदेश सह प्रभारी एवं जिला धमतरी के नये जिला प्रभारी चवन लाल बघेल एवं जिला सह प्रभारी सुश्री दुलारी चतुर्वेदी दोनों ने प्रदेश के हालात पर चिंता प्रकट की और कहा कि आज छत्तीसगढ़ राज्य की जो दशा है वह दशा नहीं बल्कि एक दुर्दशा है । तख्त बदलदो,ताज बदलदो, बेईमानों का राज्य बदल दो । छत्तीसगढ़ प्रदेश पर नजर डालें तो एक बेहद निराशाजनक तस्वीर दिखाई पड़ती है। अपने अपने दायित्वों का बाखूबी निर्वाहन करेंगे तभी छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा सरकार बनेगी। इस कार्यक्रम का संचालन अजामो जिला महामंत्री पूरण घृतलहरे एवं आभार प्रदर्शन विजय साहू मंडल अध्यक्ष शहर धमतरी ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित रहे दयाराम लहरें, सुनील गायकवाड़ , ईतवारी गावस्कर, दिनेश रामटेके, जगदीश जोशी, धन्नू जांगडे , वाशु सोनवानी, मनोहर सोनवानी, भगत राम मारकण्डे, मंशा राम चतुर्वेदी, विक्रम बंजारे, रामेश्वर सतनामी, डमरू सतनामी, सुरेंद्र कुमार कुर्रे , किशोर कुर्रे, अज्जु देशलहरे, शचींद्रनाथ सोनवानी, सोमेंद्र कुमार सोनवानी, ओसन खरे, किया राम बंजारे, फग्गूराम घृतलहरे, संतोष राहुल रमेश आदि पदाधिकारी और कार्यकर्ता कार्यक्रम में मौजूद थे।






# तेतलखुटी में तीन दिवसीय विश्व शांति ब्रम्ह यज्ञ महिमा बाल्य लीला आयोजन बड़ी हर्षोलास के साथ किया गया

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

*गरियाबंद जिला मैनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम तेतलखुटी में तीन दिवसीय विश्व शांति ब्रम्ह यज्ञ महिमा बाल्य लीला का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया ब्रह्म यज्ञ में दूर-दूर से भक्त वृंद साधु संत बाबाओं का आगमन हुआ था एवं 2 दिन तक यज्ञ में शामिल होने भक्तों का हजारों की संख्या में तांता लगा रहा एवं दर्शकों के मनोरंजन हेतु रात्रि कालीन ओड़िया नाटक का भी आयोजन रहा जिसमें भक्तगण दर्शक बंधु रात्रिकालीन कार्यक्रम का मनभावन आनंद लिया। सुबह 7-00 रात्रि 8-00 बजे तक आलेख महिमा मंडली द्वारा ज्ञान प्रवचन दिया गया जिससे दर्शक श्रद्धालु सुनकर अति मन मोहित हुए अलेख महिमा ज्ञान प्रवचन का रसपान करने संसदीय सचिव माननीय श्री गोवर्धन मांझी जी एवं माननीय श्री तपेश्वर ठाकुर जी का आगमन हुआ था एवं अन्य विशिष्ट अतिथि मुख्य अतिथियों भी ज्ञान प्रवचन में शामिल होकर आलेख महिमा ज्ञान का रसपान किए। इस अलेख मंदिर के निर्माणकर्ता श्री ब्रह्मलीन साधु मदन मोहन दास बाबा जी एवं इस आयोजन में पधारे साधु वृंद बाबाओं श्री सिद्ध रत्न मणि बाबा जी, श्री सिद्ध चंद्रमणि बाबा जी , श्री अवधूत भगवान बाबा, अवधूत किशोर चंद्र बाबा, अवधूत संतोष बाबा, प्रवक्ता अवधूत कपिलेंद्र बाबा, अवधूत सुरेश बाबा, अवधूत मदन बाबा, साधु कृष्ण दास बाबा, साधु श्याम दास बाबा, साधु झास्केतन दास, साधु सदानंद दास, साधु राम दास, साधु बिदुर दास, साधु गोकुलानंद दास साधु देवारचंद दास, साधु दैतारी दास , प्रवक्ता साधु प्रभाकर दास, यज्ञ उद्‌जोक कर्ता साधु रविंद्र दास बाबाओं की उपस्थिति एवं समस्त ग्रामवासी कि सहयोग से विश्व शांति ब्रम्ह महिमा बाल्य लीला का आयोजन संपन्न किया गया।*

# लोकतंत्र व संविधान में विश्वास रखकर कमलनाथ ने दिया था मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र : मानसिंह कुशवाह

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा के नेतृत्व में आज लोकतंत्र सम्मान दिवस के रूप मे मनाया गया जिसमें सभी कांग्रेस के कार्यकर्ता खंडा रोड पर एकत्रित होकर पैदल गोल मार्केट राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पहुंचकर माल्यार्पण करते हुए कहा आज ही के दिन मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा लोकतंत्र व संविधान में विश्वास रखते हुए मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र दे दिया था और कहा प्रदेश में किसान मजदूर आमजन व्यापारी भाइयों के विश्वास से चुनी हुई कांग्रेस सरकार को धन वल के दम पर भारतीय जनता पार्टी ने सरकार गिरा कर लोकतंत्र वह जनादेश का अपमान करने का काम किया कांग्रेस पार्टी का विश्वास हमेशा लोकतंत्र और संविधान मैं रहा है, इसकी रक्षा के लिए कांग्रेस के छोटे से कार्यकर्ता से लेकर बड़े नेताओं तक बलिदान भी देना पड़ा तो वह देश हित में कभी पीछे नहीं हटे आज प्रदेश और देश भर में भारतीय जनता पार्टी का विश्वास लोकतंत्र से हटता जा रहा है,और उनका विश्वास चुनी हुई सरकारों को गिराना वह जनादेश का अपमान करना आम बात हो गई है, इसलिए आज के ही दिन हम सब संकल्पित हो कि आने वाले 2023 में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए हम सब को प्रण पथ से जुटना है, क्योंकि कि प्रदेश का किसान मजदूर आमजन कमलनाथ को मध्य प्रदेश के भावी मुख्यमंत्री के रूप में देख रहा है,इसी क्रम में कार्यकर्ताओं ने भाजपा की जन विरोधी नीति और लोकतंत्र को खत्म करने के विषय पर नारेबाजी की ।

**शहर कांग्रेस के अध्यक्ष ने किया आभार व्यक्त**-कार्यक्रम में शहर कांग्रेस के अध्यक्ष प्रदीप जैन गुड्डा द्वारा आए हुए सभी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मनोज देपुरिया सेवादल के जिला अध्यक्ष संदीप मिश्रा ,वीरेंद्र यादव, बृजेंद्र सिंह कल्लू ,देवेंद्र सिंह कुशवाहा, राहुल सिंह राजावत ,रॉकी तोमर, अशोक गुप्ता, हरिनारायण शर्मा, इरशाद अहमद ,सोमबीर यादव, पिंटू शर्मा ,रिजवान काजी ,दीपू दुबे,अनीस कुरैशी ,अनिल भारद्वाज,संजय भूता एवरन बघेल कल्पना मिश्रा शैलेंद्र भदौरिया ,राजेश शर्मा ,चंद्रभान सिंह राजावत, दर्शन सिंह तोमर ,विजय गोयल ,दुष्यंत सिंह सिंघाई, पान सिंह बाबूजी,बलराम जाटव, संजीव बरुआ, रवि वर्मा रवि यादव प्रदीप







# कलेक्टर ने हाईस्कूल की चल रही परीक्षाओं का किया निरीक्षण

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश की हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा अंतर्गत कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने विज्ञान विषय के प्रश्न पत्र की चल रही परीक्षा में शा. जनता बालक उमावि, शा. डाइट भिण्ड परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केन्द्र का भ्रमण कर नकल रहित भयमुक्त परीक्षा को संपन्न कराने हेतु व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान सभी केन्द्रों पर परीक्षा की व्यवस्थायें चाक-चौबंद मिलीं। परीक्षार्थियों द्वारा शांतिपूर्वक परीक्षा दी गई। उन्होंने परीक्षा केन्द्राध्यक्षों को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जावे कि परीक्षा संबंधी सभी व्यवस्था ठीक होना चाहिये। उन्होंने परीक्षा केन्द्राध्यक्षों से परीक्षा से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों में ड्यूटी के लिए नियुक्त शासकीय सेवकों की उपस्थिति एवं अनुपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या, परीक्षा केन्द्र में शामिल विभिन्न स्कूल सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली।



# एफआईसीसीआई के चेयरमैन नीरज सिंह से समाजसेवी श्यामू ठाकुर की मुलाकात, सेवढ़ा के विकास के लिए मिला आश्वासन


**पुष्पांजली टुडे**



सेवड़ा नगर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं समाज सेवा टीम के संयोजक श्यामू ठाकुर ने आज देश की राजधानी दिल्ली पहुंचकर केंद्रीय रक्षा मंत्री मा राजनाथ सिंह के सुपुत्र और अपने कार्यों से अलग पहचान बनाने वाले नीरज सिंह से शिष्टाचार भेंट की. इस दौरान श्यामू ठाकुर ने गृह जिले दतिया और अपने नगर सेवड़ा के विकास पर नीरज सिंह से विस्तृत चर्चा की. इस दौरान चेयरमैन नीरज सिंह ने हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया. आपको बता दें कि वरिष्ठ समाजसेवी श्यामू ठाकुर सदैव गरीबों, यातिमो एवं बेसहाराओ की मदद करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं और तन मन धन से मदद करते हैं, यही कारण है कि वह देश के दिग्गज नेताओं एवं वरिष्ठ अधिकारियों से उन्हें सदैव स्नेह और सम्मान मिल रहा है.

# उज्ज्वला योजना से आज भी वंचित हैं कई महिलायें : श्रीमती कुशवाह

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । मनका बाग में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से आज भी वंचित हैं,महिलाएं,भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में 60 साल की माताजी चूल्हे पर खाना बनाती हुई मिली इस अवसर पर महिला इंटक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती शांति कुशवाह ने भारतीय जनता पार्टी के नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि आज भाजपा के नेता हमारी बहनों को गुमराह करने का कार्य कर रहे हैं,जिस तरह से आज मध्यप्रदेश में उज्जवला योजना के तहत सिलेंडर बांटे गए थे आज उनकी हकीकत यह है कि मीरा बघेल जैसे कई मीरा बघेल है,जो उज्जवला योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा चूल्हे पर रोटी बनाने के लिए मजबूर है उनके साथ में मोनू,हीरा सिंह,बृज किशोर,विजय गोयल, महेंद्र सिंह, अशोक कुमार,अरविंद सोनी, पवन चौरसिया, पिंक बरुआ आदि लोग मौजूद रहे।

# पाली जिला स्थित सादड़ी में ब्लड बैंक खोलने का ज्ञापन सौंपा था

मुख्यमंत्री अशोक जी गहलोत को कई बार ज्ञापन दिया पाली जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया देसूरी उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया और सादड़ी में ब्लड बैंक और टोमा सेंटर खोलने के लिए हमें थोड़ा सा दिल आया था वह काम हमारा हुआ नहीं यह है सादड़ी की जनता के साथ सबसे बड़ा सौतेला व्यवहार राजस्थान में सरकार की वजह से पिछले कई सालों से हम मानव जीवन सेवा कर रहे हैं हमारी कोई सुनवाई नहीं है पिछले 5 सालों में इमरजेंसी एक्सीडेंट केस और डिलीवरी केस में 3505 यूनिट रक्तदान करा कर पुनीत कार्य किया।

# सवर्ण समाज सेवा संस्थान का परिवार होली मिलन समारोह हुआ

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

औरेया (उ.प्र.)। दिबियापुर के विकास वैली रिजॉर्ट में सवर्ण समाज सेवा संस्थान ने परिवार होली मिलन समारोह आयोजित किया है।

जिसमे सर्वप्रथम प्रदेश अध्यक्ष विकास त्रिपाठी जिलाध्यक्ष अनिल तिवारी ने सरस्वती माँ को

## सम्मेलन में कवियों द्वारा काव्य पाठ भी किया गया

माल्यार्पण करके दीप प्रज्ज्वलित किया। तत्पश्चात आए हुए कवि गण को शाल ओढ़ाकर माला पहनाकर स्वागत किया । सभी ने पुष्पों और होली खेलकर एक दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं । सवर्ण समाज के जनक पंकज तिवारी ने कहा कि हम सभी सवर्ण को एक जुट होकर अपने समाज के उत्थान के लिए कार्य करने चाहिए । सवर्ण समाज की महिला जिला उपाध्यक्ष सुमन चतुर्वेदी ने मातृ शक्ति को भी अपने समाज की एकता के लिए बढ़चढ़ भागीदारी करनी चाहिए । कार्यक्रम में सवर्ण समाज के पदाधिकारियों ने आए हुए सभी प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह के रूप में सनातन संस्कृति के कैलेंडर भेंट किए। आए हुए कवियों ने अपनी कविताओं और हास्य व्यंग के माध्यम से लोगों का मनोरंजन किया जिसमें कवि पवन द्विवेदी ने जिस्म लाफ़ानी नहीं यह खाक की जागीर है, नाम लाफ़ानी हो वा आवज कुछ ऐसा करो, कवि गोपाल पांडे आजाद ने नारियों से धर्ष्ठता करते जो जयंत तो,देवराज के भी पुत्र छोडे नहीं जाते है, कवित्री रश्मि मनोज ने सरस्वती वंदना मां शारदे वरदान दो और अपने गीत थामो प्रिये दिल को जरा यह फागुनी बयार है, कभी डॉक्टर गोविंद द्विवेदी ने हर उनींदे पलक पर फिर जाकर ना लिखना पड़ेगा हर दिगंबर देह फिर आवरण लिखना पड़ेगा जब नहीं स्वच्छेंद होगी या लहर होगी निरंकुश तब तटों को आचरण का व्याकरण लिखना पड़ेगा, कवि दीपचंद त्रिपाठी निर्बल ने अपने गीत आदमी को आदमी से प्यार करना चाहिए प्यार बेहिसाब बेशुमार करना चाहिए, वही हास्य कवि शर्मा ने अपने हास्य व्यंग से जनता को लोटपोट कर दिया कितनी कठिन है जिंदगी रईसों को क्या पता कैसे कटी है रातें मशालों को था पता, कवि डॉक्टर एस डी सिंह गौर ने अपनी कविता भाशतीत गगन की आभा प्रसा परमपिता बनती है। जोड़-तोड़ होती तुकबंदी अनायास कविता बनती है, कवि उमेश द्विवेदी ने तुम मोदी सा विश्वास लिए वो राहुल से लाचार दिखे।कार्यक्रम के अंत में चोखा बाटी भोज का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सवर्ण समाज सेवा संस्थान के प्रदेश महामंत्री यश प्रताप सिंह चौहान, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष योगेश चौहान, संरक्षक डॉक्टर विनोद त्रिपाठी, श्रीकांत पाठक, डॉ अनिल सिंह गौर, शांत माधव त्रिपाठी, संगठन संचालन कमेटी के पंकज तिवारी, राहुल तिवारी, गुड्डू दुबे,विजय चतुर्वेदी,आशीष त्रिपाठी, दीपू मिश्रा, गौरव चतुर्वेदी पत्रकार, अन्नू शुक्ला, आशीष तिवारी,आशीष अवस्थी, आकाश मिश्रा,अमित चतुर्वेदी सचिन चोटीवाला,राघवेंद्र चौहान,प्रदीप तिवारी व समाज सेवा संस्थान के सदस्य नीरज चौधरी,सौरभ पाठक,हेमू चौबे,प्रमोद दीक्षित,बिपिन तिवारी,संजू तिवारी,राजेश सक्सेना, लल्लू शुक्ला,श्यामू राजावत, टीटू भदौरिया,मयंक चतुर्वेदी,ज्ञानेंद्र सक्सेना,धीरज शुक्ला, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।









# जीत के लिए जमावट और जज्बात

भोपाल ■ नया इंडिया



प्रदेश में विधानसभा आम चुनाव 2023 के लिए किसी भी हालत में जंग जीतने जैसी भावना के साथ तैयारियां तेज हो गई है एक तरफ बूथ स्तर पर जमावट चल रही है तो दूसरी ओर नेता जज्बाती भी हो रहे हैं और घोषणाओं को करने की होड़ लग गई है।

दरअसल प्रदेश में समय से पहले चुनावी माहोल गरमाने लगा है दोनों ही प्रमुख दल भाजपा और कांग्रेस तू डाल डाल में पात पात की तर्ज पर तैयारियां कर रहे हैं भाजपा ने 1000 लाडली बहना योजना के तहत महिलाओं को देने की घोषणा की है और 25 मार्च से इसके फार्म भी भरे जाना है जिसके लिए सत्ताधारी दल भाजपा प्रचार-प्रसार भी खूब कर रही है लेकिन इससे एक कदम आगे बढ़कर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने घोषणा की है कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाओं को 15 सौ रुपए महीने दिए जाएंगे और गैस सिलेंडर 500 सौ रुपए में मिलेगा इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि दोनों ही दल कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं अभी से जीत तय कर लेना चाहते हैं इसके पहले पिछले 1 साल से दोनों ही दलों में बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने की तैयारियां चल रही है अपने अपने स्तर पर बेहतर प्रत्याशी तलाशने के लिए सर्वे हो रहे हैं और एक दूसरे पर आरोप लगाने बयान देने में जज्बाती भी हो रहे हैं मसलन मुख्यमंत्री ने छिंदवाड़ा में कहा कि 25 मार्च को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के छिंदवाड़ा आगमन के साथ ही प्रदेश में महा विजय अभियान का शंखनाद हो जाएगा और कांग्रेस और कमलनाथ का प्रदेश से अंत कर गड्ढे में यह अभियान गाड देगा जिस पर पलटवार करते हुए कमलनाथ ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि वे मेरा अंत करना चाहते हैं अंत तो सबका 1 दिन होना है कोई अमर होकर नहीं आया है लेकिन मेरी तो एक ही इच्छा है छिंदवाड़ा की पवित्र भूमि की में 44 सालों से सेवा कर रहा हूं और उसकी सेवा में जीवन अर्पित कर दूं उन्होंने कहा कि मैं आपकी स्तर भावना का बुरा नहीं मानता।

बहरहाल प्रदेश में जहां सत्ताधारी दल भाजपा की ओर से 25 मार्च को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और 27 मार्च को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा तो आ ही रहे हैं 31 मार्च को संघ प्रमुख मोहन भागवत भोपाल में सिंधी समाज से रूबरू होंगे यह पहला मोका है जब इस तरह का कार्यक्रम हो रहा है इसके लिए संघ और भाजपा के नेता तैयारी कर रहे हैं भाजपा के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी को विशेष तौर पर इस कार्यक्रम की जिम्मेवारी सौंपी गई है इसके पहले 23 मार्च को युवा मोर्चा का बड़ा कार्यक्रम होने जा रहा है जिसमें युवा नीति से संबंधित महत्वपूर्ण घोषणाएं हो सकती है।

2 दिन के अवकाश के बाद आज विधानसभा का सत्र फिर से शुरू होगा और संभावनाएं जताई जा रही है कि महू की घटना को लेकर सदन में एक बार फिर हंगामा हो सकता है इन 2 दिनों में जिस तरह से प्रदेश में ओलावृष्टि हुई है फसलें तबाह हुई है किसान बर्बाद हुआ है यह मुद्दा भी सदन में उठाया जा सकता है।

कुल मिलाकर प्रदेश में 2023 के लिए सत्ता संघर्ष तेज हो गया है दोनों ही प्रमुख भाजपा और कांग्रेस के साथ अन्य दल भी तैयारियों में तेजी ला रहे हैं लेकिन जिस तरह से भाजपा और कांग्रेस जीत के लिए जमावट के साथ-साथ जज्बाती हो रहे हैं उससे चुनाव के बहुत पहले से माहौल गरमाने लगा है।

# 'नाथ' को 'आला' पर बैठाएंगे 'शाह'...

भोपाल ■ नया इंडिया

भाजपा के चुनावी चाणक्य अमित शाह के तरकश से सियासी तीर एक-एक करके बाहर निकलने का समय शायद आ गया.. मध्य प्रदेश भाजपा को जब उम्मीदवार जिताऊ के लिए किसी फार्मूले और क्राइटेरिया का इंतजार.. ऐसे में कमलनाथ की जिद 6 माह बाद मुख्यमंत्री बनकर दिखाएंगे.. बाकायदा उल्टी गिनती भी इतने महीने रह गए.. भाजपा नेतृत्व के कान खड़े होना लाज़मी.. इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ अपनी पार्टी कांग्रेस को एक जुट कर उसमें नया जोश भर पाए .. उससे पहले भाजपा ने कांग्रेस के नाथ कमलनाथ को आले कहे या आरे पर बैठाने की रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया.. बुंदेलखंड में जब बच्चा जिद्दी हो जाता और उसकी मांग लगातार बढ़ती जाती.. तब उसे गांव में परिवार के लोग आला (आरा) पर बिठा देते हैं, आला यानी दीवार पर थोड़ा ऊपर जहां दीपक भी रख कर जलाया जाता.. यहाँ छोटा-मोटा सामान रख दिया जाता.. जहां बच्चा आसानी से पहुंच कर कोई सामान नहीं उठा पाए ... लेकिन यदि उसे वहां बैठा दिया जाए तो वह आसानी से नीचे भी नहीं उतर सकता.. कुल मिलाकर समझाइश जब काम ना आए तो जिद्दी बच्चे का ध्यान डायवर्ट कर दिया जाए.. जिससे उसकी अपनी मांग प्रभावित हो जाए या फिर वह उसे भूलने को मजबूर हो जाए.. उसका पूरा ध्यान सिर्फ आला से नीचे उतरने पर केंद्रित होकर रह जाए.. किसी तरह वह नीचे आ जाए.. यह बात खासतौर से बुंदेलखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में जिद्दी बच्चे के लिए.. लेकिन यहां बिल्कुल उलट कांग्रेस के सबसे अनुभवी नेता कमलनाथ के खिलाफ भाजपा की रणनीति कुछ इसी लाइन पर आगे बढ़ते हुए देखी जा सकती है.. कहने वाले के सकते हैं कि चुनावी बिसात पर कमलनाथ के खिलाफ शाह का चक्रव्यूह.. संभवत पहले चरण में बिना बोले बहुत कुछ समझाने और रणनीति को आगे बढ़ाने की कोशिश से से जोड़कर देखा जा सकता.. कांग्रेस के लिए छिंदवाड़ा वह अमृत कुंड जो कमलनाथ और समूची पार्टी को ताकत देता रहा.. फिर भी लगता कमलनाथ व्यक्तिगत तौर पर भाजपा हाईकमान के राडार पर आ चुके.. जो चुनाव 2023 में कांग्रेस का चेहरा.. जिन्हें हाईकमान द्वारा जल्द से जल्द सीएम इन वेटिंग के ऐलान का इंतजार.. पार्टी का मध्य प्रदेश में स्वीकार्य और धमक रखने वाला नेतृत्वकर्ता ... जो अपनी जीत को लेकर आत्मविश्वास से लबरेज.. जिसे अपने सर्वे और अपनी टीम पर पूरा भरोसा.. जिसे विश्वास है कि शिवराज सरकार के खिलाफ एंटी इनकंबेंसी का फायदा अंततः कांग्रेश और कमलनाथ को ही मिलेगा.. जिसने तख्तापलट की गलती से सीख लेकर जिद ठानी कि एक बार फिर मुख्यमंत्री की शपथ लेना ही है.. कमलनाथ जो कांग्रेस की ताकत और मध्यप्रदेश में हाईकमान की फिलहाल अंतिम आस.. ऐसे कमलनाथ को उनके अपने गढ़ छिंदवाड़ा में उलझाए रखने की पटकथा सामने आ सकती है.. जिसमें कमलनाथ पर दबाव होगा कि वह अपनी साख और अपने पुत्र नकुल नाथ का राजनीतिक भविष्य बचाएं.. नकुल नाथ से पहले कमलनाथ को विधानसभा का चुनाव लड़ना है.. इस मुद्दे पर उनका विवादित बयान पहले ही एक नई बहस छिड़ चुका है.. ऐसे में सवाल खड़ा होना लाजमी है.. कमलनाथ क्या अपनी जिद से कोई समझौता करने को मजबूर होंगे.. क्या चुनावी साल में उनकी प्राथमिकताएं बदलेगी ..उनका फोकस हटेगा.. एजेंडा प्रभावित होगा ..क्या पार्टी नेतृत्व की अपेक्षा के अनुरूप उनकी पहली प्राथमिकता मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सत्ता वापसी होगी.. या फिर वह अपने पुत्र नकुल नाथ के सियासी भविष्य को लेकर उलझ कर रह जाएंगे.. और चाह कर भी पूरी तरह छिंदवाड़ा से बाहर नहीं निकल पाएंगे..छिंदवाड़ा यानी कांग्रेस का अमृत कुंड.. अमृत कुंड जिसने कमलनाथ को लगातार कई चुनाव जिता कर ताकत दी.. छिंदवाड़ा जहां से अपवाद शुरू सुंदरलाल पटवा की एक जीत को छोड़ दिया जाए तो कांग्रेस ने लोकसभा के लगातार अट्ठारह चुनाव जीते.. यानी 1952 से 2019 तक जनसंघ से लेकर भाजपा और दूसरे दलों को कभी भी जीत नसीब नहीं हुई.. कमलनाथ 9 बार लोकसभा में पहुंचे तो एक-एक बार अलका नाथ और पुत्र नकुलनाथ भी चुनाव जीते.. कांग्रेस का गढ़ कहे या फिर कमलनाथ का छिंदवाड़ा मॉडल हमेशा सुर्खियों में रहा..कमलनाथ को ताकत छिंदवाड़ा के मतदाताओं ने दी जिसने दिल्ली में उन्हें स्थापित किया.. छिंदवाड़ा कांग्रेस के अंदर विकास और व्यक्तिगत प्रबंधन के मोर्चे पर मॉडल बनकर सामने आया.. कमलनाथ दिल्ली से मध्यप्रदेश कॉन्ग्रेस के लिए पहले किंग मेकर फिर भोपाल आकर मुख्यमंत्री की शपथ लेने के साथ किंग भी बने.. छिंदवाड़ा मॉडल जो चुनाव में मुद्दा बना .. छिंदवाड़ा यानी जहाँ कांग्रेस का सभी 7 विधानसभा सीट पर कब्जा.. कांग्रेस का कब्जा यानी भाजपा के लिए बड़ी चुनौती साबित रहा छिंदवाड़ा .. नाथ कांग्रेस के इसी गढ़ को भेदने के लिए अमित शाह यहाँ पहुंच रहे.. अमित शाह के इस दौरे के बाद भाजपा प्रदेश की सत्ता और संगठन की जिम्मेदारी हो जाएगी कि वह विधानसभा के साथ लोकसभा की सीटों पर कमल खिलाने के लिए पूरी ताकत झोंक दें.. अमित शाह के दौरे और जनसभा को सफल बनाने के लिए शिवराज सिंह चौहान विष्णु दत्त शर्मा हितानंद शर्मा यहां का दौरा कर चुके हैं.. प्रभारी मंत्री कमल पटेल ने तो यहां डेरा डाल लिया.. अमित शाह के तरकश में यूं तो कई तीर लेकिन कांग्रेस के अमृत कुंड छिंदवाड़ा को सुखाने के लिए 25 अप्रैल को वह खुद आ रहे हैं.. जिनके निशाने पर मिशन 2024 को ध्यान में रखते हुए कमलनाथ और विरासत की राजनीति का युवा चेहरा सांसद पुत्र नकुल नाथ का होना लाजमी है.. 2019 में मध्य प्रदेश से लोकसभा में कांग्रेस मुक्त हो जाती यदि छिंदवाड़ा सीट पर कमल खिल जाता.. मुख्यमंत्री रहते कमलनाथ ने ऐसा नहीं होने दिया.. लेकिन यह भी कड़वा सच है कि नाथ के पुत्र नकुल नाथ करीब 37000 वोटों से चुनाव जीत पाए.. इससे पहले कमलनाथ ने इसी सीट से लोकसभा का चुनाव करीब डेढ़ लाख से ज्यादा मतों से जीता था.. जीत का आंकड़ा लगातार सिकुड़ने और सीमित होने से भाजपा के लिए नई संभावनाएं जाग रही है.. अटल आडवाणी के बाद मोदी- शाह की भाजपा भी नाथ के उस गढ़ को अभी तक नहीं भेद पाई... मिशन 2024 को ध्यान में रखते हुए यूं तो अमित शाह देश की कुल 150 से ज्यादा सीटों पर फोकस बनाए हुए ..जहां भाजपा पिछला चुनाव कांग्रेस से हार गई थी.. अब नई रणनीति के तहत मिशन मोदी के लिए वह जीत की संभावना नए सिरे से टटोल रही है.. कमलनाथ यानी मध्य प्रदेश कॉन्ग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व नेता प्रतिपक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व सांसद ,पूर्व केंद्रीय मंत्री, जिनकी गिनती कांग्रेस के टॉप टेन लीडर में अभी भी होती है.. कमलनाथ जिन्होंने 2023 में एक बार फिर मुख्यमंत्री की शपथ लेने की ठानी है.. कमलनाथ सबसे अनुभवी संसदीय ज्ञान के मर्मज्ञ.. कारपोरेट जगत में जिनकी पेनी पकड़.. अभी भी कांग्रेस में वो अहमियत से ज्यादा अपनी उपयोगिता साबित कर रही है.. बदलती कांग्रेस में कमलनाथ ने फिलहाल खुद को मध्यप्रदेश तक सीमित कर रखा है.. रायपुर अधिवेशन में जरूर हाईकमान की लाइन को उन्होंने कार्यकर्ताओं के बीच आगे बढ़ाया.. कमलनाथ के राहुल गांधी से ज्यादा अच्छे , प्रगाढ़ संबंध सोनिया गांधी से माने जाते है.. भारत जोड़ो यात्रा के बाद कमलनाथ ने अपनी शर्तों पर राहुल से अपने संबंधों को और मजबूत किया है.. कमलनाथ जिनके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से व्यक्तिगत रिश्ते बहुत अच्छे चर्चा में रहे.. तो चर्चित उद्योगपति अडानी से उनका दोस्ताना भी चर्चा का विषय बनता रहा है.. कमलनाथ के पास मध्य प्रदेश कांग्रेस के सारे सूत्र आज भी मौजूद.. एक तरह से राष्ट्रीय नेतृत्व ने मध्य प्रदेश कमलनाथ के भरोसे छोड़ दिया है.. कमलनाथ के गढ़ में भाजपा के चाणक्य और चुनावी जीत सुनिश्चित करने वाले महारथी अमित शाह का दौरा सुर्खियों में आ चुका है.. जिसकी वजह भी है कि अमित शाह कोई छोटा मोटा मिशन अपने हाथ नहीं लेते .. केंद्रीय गृहमंत्री के छिंदवाड़ा दौरे से 2 दिन पहले 23 मार्च को शिवराज मुख्यमंत्री की चौथी पारी के 3 साल पूरे करने जा रहे..तो 2 दिन बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भाजपा के प्रदेश कार्यालय के नए भवन का भूमि पूजन करेंगे..इसी दौरान मिशन 2023 विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए जेपी नड्डा भाजपा के प्रदेश व्यापी शक्ति केंद्र के कार्यकर्ताओं के साथ बूथ विस्तार अभियान पार्ट 2 में शामिल होंगे.. सवाल क्या अमित शाह 2024 लोकसभा चुनाव का एजेंडा आगे बढ़ाते हुए 2023 का रोड मैप सामने ला सकते हैं.. आखिर कमलनाथ की घेराबंदी का बड़ा मकसद क्या है.. सिर्फ हारी हुई सीट पर भाजपा की जीत सुनिश्चित करना.. या इससे आगे 2024 की व्यूह रचना की आड़ में 2023 के कांग्रेस के चेहरे कमलनाथ को बदलती राजनीति और ढलती उम्र में बहुत कुछ सोचने को मजबूर करना.. क्या संदेश यह जा पाएगा कि यदि कमलनाथ की इतनी मजबूत घेराबंदी पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व चाहता है.. तो क्या यही लाइन प्रदेश की राजनीति के कॉन्ग्रेस क्यों नेताओं के लिए भी आगे बढ़ाई जाएगी.. जहां भाजपा लगातार चुनाव हार रही है..













## कॉन्ग्रेस के अमृत कुंड छिंदवाड़ा में कमलनाथ के लिए बढ़ेगी चुनौती..!

भाजपा जब 2024 लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए 2023 विधानसभा चुनाव के लिए रोड मेप को अंतिम रूप दे रही... तब कांग्रेस में लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कोई हलचल मध्यप्रदेश में नजर नही आती.. कमलनाथ के फेसलों और सियासी जमावट में तो बिल्कुल भी नहीं.. मलिकार्जुन खडगे की कांग्रेस का रोड मैप या फिर राहुल गांधी का एक्शन प्लान अभी सामने नहीं आया है.. कमलनाथ खुद को मध्य प्रदेश का केंद्र बिंदु बनाए रखने में जरूर सफल हुए.. ऐसे में भाजपा की घेराबंदी खासतोर से अमित शाह का छिंदवाड़ा पहुंचना उसकी तात्कालिक और दूरगामी दोनों रणनीति को रेखांकित करता है.. जब दिल्ली में राहुल गांधी के खिलाफ मोर्चाबंदी तेज हो गई.. तब मध्य प्रदेश में कमलनाथ चुनावी घोषणाओं का पिटारा खोलकर मतदाताओं को लुभाना चाहते हैं.. ऐसे में भाजपा एक्शन में नजर आने लगी चाहे.. फिर वह शिवराज, विष्णु दत्त, हितानंद शर्मा का छिंदवाड़ा दौरा हो या फिर प्रदेश के नेताओं द्वारा छिंदवाड़ा को कांग्रेस और कमलनाथ का गढ़ मानने से इनकार करना.. इसी रणनीति का है.. जिसके जरिए वह छिंदवाड़ा से ही पूरे मध्यप्रदेश को बड़ा सियासी संदेश देना चाहेगी.. भाजपा को उम्मीद है छिंदवाड़ा में कमलनाथ के खिलाफ मोर्चा खोलकर दूसरे संसदीय क्षेत्र ही नहीं विधानसभा क्षेत्रों के लिए भी प्रेशर पॉलिटिक्स का बड़ा माहौल बनाकर संदेश दे सकती.. जिन आदिवासियों को रिझाने के लिए कमलनाथ महू दौरा कर शिवराज सरकार को घेर रहे हैं..क्या इन आदिवासियों को छिंदवाड़ा से अमित शाह और शिवराज संदेश देना चाहते हैं.. आखिर मध्यप्रदेश में आदिवासियों का असली शुभचिंतक कौन है.. सवाल कमलनाथ के लिए बड़ी चुनौती पूरे प्रदेश में कांग्रेस में जोश भरना और टिकट चयन से लेकर जीत सुनिश्चित करवाना.. तो उससे बड़ी चुनौती अपने पूर्व संसदीय क्षेत्र छिंदवाड़ा में कांग्रेस जीत के गिरते ग्राफ से नकुल नाथ को सुरक्षित बाहर निकालना.. नकुल नाथ लोकसभा का एक चुनाव जीत चुके हैं.. यहां उससे पहले मध्य प्रदेश विधानसभा के चुनाव हो जाएंगे.. उस वक्त कमलनाथ मुख्यमंत्री की भूमिका में नजर आना चाहेंगे.. सवाल क्या लोकसभा चुनाव से पहले कहीं प्रदेश की राजनीति से उनका मोहभंग तो नही जाएगा.. इन अनुकूल और विपरीत परिस्थितियों में छिंदवाड़ा लोकसभा चुनाव का महत्व बढ़ जाएगा.. अमित शाह की दूरगामी रणनीति के तहत छिंदवाड़ा की सभी 7 विधानसभा सीटों पर जहां कांग्रेस का कब्जा उसमें कमल खिलाने की योजना से इनकार नहीं किया जा सकता.. जो लोकसभा चुनाव में 2024 में इस छिंदवाड़ा सीट पर धारणा बदल सकता कि छिंदवाड़ा कांग्रेस का गढ़ है.. लेकिन उसे भेदा जा सकता है..2019 लोकसभा चुनाव में कॉन्ग्रेस छिंदवाड़ा जीत गई थी लेकिन दूसरा बड़ा गढ़ गुना शिवपुरी उसके हाथ से निकल गया था.. उस वक्त कांग्रेस में रहते ज्योतिरादित्य चुनाव हार गए.. अब सिंधिया भाजपा में लेकिन राज्यसभा सांसद है.. कुल मिलाकर भाजपा ज्योतिरादित्य को कांग्रेस से दूर कर चुकी ..इसलिए कमलनाथ को छिंदवाड़ा तक सीमित रख वह 2018 की भरपाई कर सीटों की संख्या में इजाफा करना चाहेगी.. सवाल खड़ा होना लाजमी है 2024 को ध्यान में रखते हुए यदि कांग्रेस के गढ़ छिंदवाड़ा को अमित शाह ने अपनी प्रतिष्ठा से जोड़ लिया तो क्या उससे पहले 2023 विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के गढ़ माने जाने वाली विधानसभाओं में भाजपा किसी रणनीति के तहत चुनाव में जाएगी.. तो सवाल क्या यह तैयारी शुरू हो गई है जिससे पिछला चुनाव हारने वाली विधानसभा सीट पर इस बार कांग्रेस की हार और भाजपा की जीत सुनिश्चित हो पाए.. बड़ा सवाल अमित शाह के दौरे के बाद भाजपा के सियासी चक्रव्यूह से आखिर कमलनाथ कैसे बाहर निकलेंगे.. एक ओर परंपरागत सीट पर उनकी साख तो सांसद पुत्र नकुल नाथ का सियासी भविष्य दांव पर पहले ही लग चुका है .. अमित शाह की रणनीति 24 में कमलनाथ के छिंदवाड़ा में कमल खिलाना ... यह तभी संभव होगा जब नकुल नाथ की हार सुनिश्चित कर दी जाए .. जरूरी हो जाता इसके पहले 23 में कांग्रेस के कब्जे वाली सभी विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा अपनी एंट्री मारे.. कमलनाथ कांग्रेस के लिए भले ही निर्विवाद और स्वीकार्य नेता बनकर पार्टी की कमान संभाले हुए हैं.. लेकिन चुनौती सिर्फ भाजपा की सत्ता वापसी तक सीमित होकर नहीं रह जाती.. बल्कि नई चुनौती उनके अपने परंपरागत छिंदवाड़ा सीट पर कमल नहीं खेलने देने की भी होगी.. नगरीय निकाय चुनाव से जो ऊर्जा कमलनाथ को छिंदवाड़ा में मिली थी ..शायद उसने भी भाजपा को यहां नए सिरे से रणनीति बनाने को मजबूर किया ..यह काम अब प्रदेश नेतृत्व नहीं बल्कि राष्ट्रीय नेतृत्व अमित शाह की अगुवाई में कर रहा है.. भाजपा से सीधे मुकाबले से पहले क्या इन नई परिस्थितियों में कमलनाथ के लिए चुनौती पार्टी के अंदर से खड़ी की जा सकती है .. या खड़ी हो सकती है.. यही नहीं क्या कांग्रेस आलाकमान नए सिरे से आगे बढ़ने को मजबूर होगा ..जब उसके नेता कमलनाथ को छिंदवाड़ा में उलझाने की कवायद तेज हो गई है.. भाजपा नई रणनीति के तहत शायद कांग्रेस से ज्यादा दिमाग कमलनाथ की घेराबंदी पर भी लगा रही है.. वैसे भी दिग्विजय सिंह जमीनी लड़ाई के लिए संगठन में ऊर्जा भरने के लिए प्रदेश के दौरे शुरू कर चुके हैं ..जो काम प्रदेश अध्यक्ष रहते कमलनाथ को करना चाहिए.. जो वो नहीं कर पा रहे.. तो फिर अमित शाह के छिंदवाड़ा दौरे से कॉन्ग्रेस खासतौर से कमलनाथ द्वंद से कैसे बाहर निकल कर आएंगे.. अमित शाह के इस चक्रव्यूह में कमलनाथ ही नहीं नकुल नाथ का भविष्य भी उलझ सकता है.. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अमित शाह से पहले छिंदवाड़ा जाकर इस स्वभाव से कुछ हटकर संदेश आगे बढ़ा दिया है कि अब राजनीतिक तौर पर कमलनाथ की पारी खत्म करने को लेकर पार्टी नेतृत्व संजीदा है.. यह काम 2023 में कांग्रेस को सत्ता से बाहर रखकर किया जा सकता है.. उसके बाद ही लोकसभा चुनाव होंगे.. पूर्व निर्धारित योजना के तहत केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को छिंदवाड़ा का प्रभारी बनाया गया ..जो अपने विवादित बयानों से हिंदुत्व के पुरोधा बन चुके.. छिंदवाड़ा स्थित जामसांवली के हनुमान मंदिर ने कमलनाथ की सॉफ्ट हिंदुत्व की लाइन को आगे बढ़ाने में मदद की है..प्रदेश में हिंदुत्व की इस लाइन पर 2018 से आगे बढ़ा रहे और कमलनाथ के बजरंग प्रेम को ध्यान में रखते हुए शायद महाकाल की तर्ज पर यहां भी शिवराज सिंह चौहान द्वारा बजरंगबली का कॉरिडोर बनाने का ऐलान कर दिया है.. तो मुख्यमंत्री क्षेत्र के लिए नई सोगाटन के साथ विकास के एजेंडे पर छिंदवाड़ा को प्राथमिकता में पहले ही ले चुके हैं ..प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा संगठन के मुखिया होने के नाते कार्यकर्ताओं में जोश भरने में जुट गए हैं.. प्रदेश की सत्ता और संगठन की लंबी एक्सरसाइज के बाद जब अमित शाह छिंदवाड़ा पहुंचेंगे और आदिवासी धर्म गुरुओं के साथ संवाद और भोजन ग्रहण करेंगे.. तो देखना दिलचस्प होगा अमित शाह की रणनीति क्या होगी.. क्षेत्र के निर्णायक मतदाता माने जाने वाले आदिवासियों को लुभाने के लिए भाजपा एक साथ कई मोर्चों पर सक्रिय है.. ऐसे में कांग्रेस की कमजोर नस विरासत की राजनीति पर सवाल खड़ा कर अमित शाह कमलनाथ और नकुल नाथ की घेराबंदी ही नहीं बल्कि छिंदवाड़ा से बाहर पूरे प्रदेश में इस मुद्दे को नए सिरे से हवा दे सकते हैं.. तो संदेश पीढ़ी परिवर्तन के दौर से गुजर रही भाजपा के लिए भी छुपा होगा.. जिस पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पहले ही गाइडलाइन और क्राइटेरिया का खुलासा यह कह कर चुके हैं कि नेता पुत्रों रिश्तेदारों को टिकट की संभावना फिलहाल दूर-दूर तक नहीं है.. तो अमित शाह आदिवासियों के साथ नेता पुत्र और खासतौर से अपनी ही पार्टी के प्रदेश नेतृत्व को चुनाव जीतने के लिए जरूरी टिकट के क्राइटेरिया सोच समझकर बनाने और उसे आगे बढ़ाने का संदेश भी जरूर देना चाहेंगे...

## एक नजर...

### सुशील राजपुरोहित के निधन पर आत्मिक संवेदना सीरवी विकास संस्थान गुड़ा मोकमसिंह

पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर खंगारराम मुलेवा



पाली जिला स्थित-ग्राम गुड़ा मोकमसिंह के सुशील राजपुरोहित सुपुत्र श्रीमती मिश्री देवी प्यारेलाल राजपुरोहित (हाल उदयपुर) वाले हमारे बीच नहीं रहे लेकिन,हम भगवान से प्रार्थना करते है कि उनकी आत्मा को शांति दे। शोकमग्न परिवार को हमारे ओर से ह्रदयभाव से सांत्वना और सद्भावना समर्पित, ईश्वर सुशील राजपुरोहित के परिजनो को संयम और साहस प्रदान करे। सीरवी विकास संस्थान गुड़ा मोकमसिंह के अध्यक्ष पोकरराम लचेटा, सचिव पूनमचंद परिहार, कोषाध्यक्ष रमेश कुमार सोलंकी सह सचिव भरत कुमार मुलेवा, उपाध्यक्ष चेनाराम मुलेवा, उपकोषाध्यक्ष कैलाश, सदस्यगण खंगारराम मुलेवा,चोलाराम मुलेवा, ओगड़राम देवड़ा एवम् गुड़ा मोकमसिंह सीरवी समाज पंचगण रामलाल मुलेवा,भारमल लचेटा, मानाराम सोलंकी व समस्त पंचगण आदी ने शोक जाहिर किया।

### कांग्रेस कार्यालय पर वीरांगना अवंती बाई को श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किया

दैनिक पुष्पांजली टुडे



भिण्ड । जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा के नेतृत्व में बीटीआई रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय पर वीरांगना अवंती बाई लोधी की पुण्यतिथि के अवसर पर सभी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की इस मौके पर कहां देश की आजादी में नारी शक्तियों का बहुत बड़ा योगदान है वीरांगना अवंती बाई नारी शक्ति का प्रतीक है। देश की आजादी में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा है,आज हम सब मिलकर उन्हें उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं इस मौके पर मनोज जयपुरिया,वीरेंद्र यादव,संदीप मिश्रा विजय गोयल रवि यादव पिंटू शर्मा हर नारायण शर्मा सोमबीर यादव,शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप जैन गुड्डा आदि लोग उपस्थित रहे।

### लापरवाही:एक तरफ खाता खोलो अभियान दूसरी तरफ उपभोक्ता परेशान

रघुवर दयाल गोहिया




सीहोर। केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण उपक्रम भारतीय डाक विभाग के इन दिनों हाल बेहाल हैं। इस समय डाक विभाग अपने उपभोक्ता ब?ाने खाता खोलने के लिए करीब 5 माह से विशेष अभियान चला रहा है। इसके चलते खाता खोलने के लिए आम नागरिकों के बीच विभिन माध्यमों से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। वहीं करीब 5 माह से ही जिला मुख्यालय पर स्थित मुख्य डाक विभाग भवन परिसर में स्थित विभागीय एटीएम मशीन तकनीकी खराबी आ जाने से बंद पड़ी हुई है। नगर के जागरूक नागरिकों ने बंद पड़े एटीएम को ठीक करवाने के लिए कई बार डाक अधीक्षक को लिखित और मौखिक रूप से शिकायतें भी की हैं। इसके बाद भी समस्या का निराकरण नहीं हुआ है। इस कारण डाक विभाग में खाता धारक सैकड़ो लोगों के एटीम कार्ड एक्टिवेट नहीं हो सके हैं जिनका उपयोग नहीं हो पा रहा है। डाक अधीक्षक के अलावा पीएमजी को भी इस समस्या के बारे में जानकारी है। इसके बाद भी एटीएम मशीन का ठीक नहीं होना विभागीय अधिकारियों की लापरवाही को ही उजागर कर रहा है। जानकारी के अनुसार सीहोर का मुख्य डाकघर भवन 1979 स्थापित किया गया था। तब यह डाक तार विभाग कहलाता था। सीहोर जिले में 21 विभागीय पोस्ट ऑफिस हैं। साल 2015-16 में यहां का एटीएम बूथ खोला गया था जो सीहोर जिले में एकमात्र है। यही कारण है कि इसके बंद हो ने से जिले भर के डाक खाता धारक परेशानी का सामना कर रहे हैं। डाक विभाग के अधीक्षक एसके नेमा से अपेक्षा है कि वह बंद पड़े हुए विभागीय एटीएम बूथ को ठीक करवाने की पहल करेंगे।

### युवा कांग्रेस ने रखा देवभोग में होली मिलन समारोह

संवाददाता हेमचंद नागेश



देवभोग मे युवा कांग्रेस ने मनाया होली मिलन समारोह युवा कांग्रेस के कार्यकताओं की उमड़ी भीड़ फूल माला और फटाके से किया अथितियों का स्वागत। मिलन समारोह में कार्यकर्ताओं के साथ संभाग प्रभारी चाकेश्वर गढ़पाले, उप प्रभारी भावेंद्र गंगोत्री, जिला प्रभारी विक्रांत साहू, जिलाध्यक्ष गौरव मिश्रा, एन एस यू आई जिला, अध्यक्ष रितेश दीक्षित, ,जिला अध्यक्ष सीनियर कांग्रेस भावसिंग साहू ,जनक ध्रुव ,संजय नेताम , अरून सोनवानी,आशीष पांडे, उमेश डोंगरे,आकाश दीक्षित, प्रवक्ता गोविंद रेंगे ,केशव सिन्हा ,आभाष अवस्थी, पप्पु मरकाम,कालेन्द्र दुर्गा,देवेंद्र बीसी,पुसपेन् साहू ,ऋअल्तमस खान,देवानंद राजपूत व कार्यकर्ता मौजूद रहे। मिलन समारोह में मुख्य रूप से बूथ स्तर को मजबूत करते हुए विंद्रानवागड़ विधानसभा. जीतने की बात कही गई। कार्यकर्ताओं को एक जूट होकर पार्टि को मजबूत बनाने। का भी आवाह्न किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के हौसला अफजाई करते हुए वरिष्ठ जिला काांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भावसिंह साहू ,आदिवासी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जनक जी कार्यकताओं को ही पार्टि का शक्ति बताया। भाजपा गड़ कहे जाने वाले विन्द्रानवागड़ के विधायक के उपर भी आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसे विधायक किस काम के जो क्षेत्र के विकास के लिए कुछ ना कर सके। मिलन समारोह में युवाओं का जोश देखने लायक था। वहीं कांग्रेस पार्टि का उद्देश्य बताते हुए काहा देश के हितों की रक्षा करने वाले भारतीयों के बीच मित्रता और संपर्क बड़ाना। जातिगत, धर्मगत तथा प्रतीय विभेदों को मिटाकर राष्ट्रीय एकता की भावना को विकसित करना। राजनीतिक, सामाजिक तथा आर्थिक मुद्दों पर शिक्षित वर्गों को एकजुट करना। भविष्य के रानीतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा सुनिश्चित करना।भूपेश बघेल के महत्वाकांक्षी योजनाओं से जनता को होने वाले फायदे व बजट को जनता का दिल जीतने वाला बजट बताया।

# जनपद पंचायत अटेर में मनरेगा सामग्री भुगतान में अनियमितता को लेकर जनपद अध्यक्ष ने कलेक्टर को दिया शिकायत पत्र

## प्राकृतिक आपदा से अटेर क्षेत्र के अनेक गांव में ओलावृष्टि होने से किसानों की फसल चौपट किसान धैर्य बनाए रखें भाजपा सरकार दुख सुख में खड़ी है

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**अटेर /भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यसमिति के सदस्य एवं विधायक प्रतिनिधि विकास शर्मा एवं जनपद अध्यक्ष अटेर श्रीमती कमला देवी श्री नारायण शर्मा ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए अपने निवास पर कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा संचालित लाडली बहना योजना प्रारंभ की गई है यह योजना सर्व समाज की महिलाओं को आत्मनिर्भर विकास की मुख्यधारा से जुड़े की बढ़ाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है और कांग्रेस के नेता हमारी मातृशक्ति को झूठा भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं उन्होंने कहा कि 15 माह में कांग्रेस की कमलनाथ की सरकार में महिलाओं के विकास के लिए कोई योजना नहीं बनाई जब शिवराज सरकार महिलाओं के विकास के लिए योजना बना रही है तो उसका विरोध करना उनकी ओछी मानसिकता को प्रदर्शित करता है उन्होंने कहा कि अटेर क्षेत्र में हर ग्राम केंद्रों तक हमारी मातृ शक्ति अपनी-अपनी केवाईसी कराकर और फार्म वर्कर योजना का लाभ प्राप्त करेंगे।

विधायक प्रतिनिधि विकास शर्मा ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से अटेर क्षेत्र में किसानों की खेत में खड़ी फसल गेहूं सरसों में ओलावृष्टि होने से पूर्ण रूप से नष्ट हो गई है,इसके लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से आग्रह किया जाएगा कि नुकसान फसल का सर्वे कराकर शासन को रिपोर्ट भेजें ताकि किसानों को उचित उनकी नुकसान फसलों का मुआवजा मिल सके। अटेर जनपद अध्यक्ष श्रीमती कमला देवी शर्मा एवं विधायक प्रतिनिधि विकास शर्मा ने अटेर जनपद में हो रही अनुमिताओं को लेकर जिला कलेक्टर को आवेदन



के माध्यम से ध्यान आकर्षित कराया। जनपद पंचायत अटेर में दिनांक 18 मार्च 2023 को मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजघर पटेल,॰॰ह जनपद अहेर राजेंद्र भदौरिया, सहायक यंत्री हरेंद्र यादव द्वारा मनरेगा सामग्री भुगतान जिसकी अनुमानित राशि 3- 4 करोड़ रूपए है, में गंभीर अनियमितताएं व भ्रस्टाचार हुआ है जिसमें शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का सरासर उल्लंघन किया गया है जिसके बिंदुवार तथ्य निम्नानुसार है। भुगतान करने सम्बन्धी दिशा निर्देश पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं जिला पंचायत भिंड द्वारा पहले ही जारी कर दिए गए थे, जिसके अनुसार भुगतान करने में एचएफओ (फर्स्ट इन फर्स्ट आउट) का पालन करना था जबकि भुगतान करने में इसकी अनदेखी की गयी,2022-23 के नए भुगतान कर दिए गए जबकि पुराने भुगतान नहीं किये गए, भुगतान करने में 15 - 20त्न कमीशन माँगा गया, जिसने भी कमीशन दिया उसका भुगतान कर दिया और जिसने नहीं दिया उसका भुगतान नहीं किया। कुछ पंचायतें जैसे जनोरा में 35.43 लाख, जोरी ब्राह्मण में 33.24 लाख, ऐतहार में 22.38 लाख सोथी में 16.96 लाख पाली में 14.12 लाख निबारी में 12 78 लाख उदयगढ़ में 12.39 लाख गोपालपुरा में 10.78 लाख, मध्यपुरा में 10.93 लाख, स्यावली में 09.58 लाख, पीपरी में 09 लाख, नरसिंहगढ़ में 09 लाख रूपए का भारी भरकम भुगतान किया गया, जबकि दिशा निर्देशों के अनुसार कम राशि के भुगतान को प्राथमिकता देनी थी, साथ ही साथ हितग्राही मूलक कार्यों का भुगतान नहीं किया गया। दिनांक 17 नवंबर 2022 को जनपद पंचायत अटेर की सामान्य सभा की बैठक में सर्व सम्मति से प्रस्ताव पास किया गया था कि सहायक लेखा अधिकारी का कार्यभार राजेंद्र भदौरिया से हटाया जाए, क्यूँ कि राजेंद्र भदौरिया जनपद के ग्रेड 2 कर्मचारी हैं नियमानुसार मनरेगा का कार्य मनरेगा का कर्मचारी ही कर सकता है अतः इनको मनरेगा सहायक लेखा अधिकारी का प्रभार किसके आदेश पर दिया गया ये भी जांच का विषय है। इसके बाद भी राजेंद्र भदौरिया से प्रभार हटाया नहीं गया, फलस्वरूप मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजधर पटेल, राजेंद्र भदौरिया एवं सहायक यंत्री मनरेगा अटेर हरेंद्र यादव द्वारा गल्ला मंडी स्थित प्राइवेट कमरे पर सम्बंधित ग्राम पंचायत के व्यक्तियों को बुला बुला कर 15 - 20त्न कमीशन वसूल किया गया, इस पूरे भुगतान में लगभग रूपए 70 लाख का कमीशन बसूला गया। विधायक की प्रतिनिधि श्री शर्मा ने अपने निवास पर पत्रकारों को आवेदन की प्रति देते हुए बताया कि भुगतानों कि उच्च स्तरीय टीम बनाकर जांच कराई जाए एवं इनके द्वारा किये जा रहे। भुगतानो पर तत्काल प्रभाव से रोक लगायी जाए, जांच होने तक मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजधर पटेल, राजेंद्र भदौरिया एवं सहायक यंत्री मनरेगा अटेर हरेंद्र यादव को अटेर से हटाए जाने के लिए सक्षम अधिकारी को प्रेषित किया जाए, अन्यथा ये जांच को प्रभावित कर सकते हैं।

## लोधी समाज अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बने : विधायक संजीव सिंह

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । वीरांगना अवंती बाई का स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आरतियां देकर महिला होते हुए अंग्रेजों से संघर्ष कर महत्वपूर्ण योगदान दिया उनका बलिदान देश के लिए रहा ऐसी वीरांगना मातृशक्ति को मैं प्रणाम करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं यह बात विधायक संजीव सिंह कुशवाह संजू ने

**वीरांगना अवंती बाई का देश की स्वतंत्रता के लिए महत्वपूर्ण योगदान कोक सिंह नरवरिया, समाज में फैली कुरीतियों को लोधी समाज के लोग गांव गांव जाकर लोगों को जागृत करें देवेंद्र सिंह नरवरिया**

शहर के अवंतीबाई छात्रावास में समुदायिक भवन के भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लोधी समाज के जिला अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत नायक सरपंच सुघरसिंह नरवरिया अतिथियों का माल्यार्पण कर और उनका सम्मान किया।

विधायक श्री कुशवाह ने महारानी अवंती बाई के बलिदान दिवस पर कहा कि महारानी लक्ष्मी बाई झांसी की रानी झलकारी बाई और अनेक मातृशक्ति जिन्होंने अंग्रेजों से संघर्ष करते हुए इस भारत को स्वतंत्र कराने में अपनी विशेष आहुति दे कर के स्वतंत्र कराया आज उनका बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता लोधी समाज संगठित होकर समाज में फैली हुई कुरीतियों को दूर कर अपने संघर्षों के लिए आगे आकर



कार्य करें। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मध्यप्रदेश खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष लोधी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष कोक सिंह नरवरिया ने कहा की वीरांगना अवंती बाई का बलिदान समाज के हर वर्ग के लिए अमर रहेगा लोधी समाज को दिशा और दशा देने का काम वीरांगना अवंती बाई ने हमेशा किया और उन्होंने कहा की समाज में जो कृतियां हैं को दूर कर लोधी समाज को संगठित करने का प्रयास करें। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि भाजपा अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने कहा कि भाजपा ने लोधी समाज को हमेशा सम्मान देकर सत्ता और संगठन को मजबूत करने का काम किया है। स्वर्गीय राज्यपाल कल्याण सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती, प्रहलाद पटेल एवं अनेक विधायक को सांसद एवं जिला पंचायत सरपंच जनपद एवं नगरीय निकायों में हमारे समाज को नेतृत्व देकर उन्हें और गौरवान्वित किया है जो लोग हमारे समाज के साथ वोट लेने की राजनीति करते रहे उन्होंने विकास की चिंता नहीं कि भाजपा ने हमेशा ओबीसी समाज से जुड़ी सभी जातियों के सम्मान में महत्वपूर्ण निर्णय लेकर उनको विकास की गति से आगे बढ़ाने का काम किया है। विधायक श्री कुशवाह ने वीरांगना अवंती बाई छात्रावास में अतिरिक्त समुदायिक भवन के निर्माण का भूमि पूजन किया और वही उन्होंने महारानी अमर शहीद अवंतीबाई के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ग्राम पंचायत पीपरी के कारगिल युद्ध में शहीद सुल्तान सिंह नरवरिया एवं अन्य वीरगति को प्राप्त हुए उनके परिवार जनों को शाल और श्रीफल के साथ सम्मानित किया साथ ही जनप्रतिनिधियों एवं पत्रकारों का भी सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक एवं लोधी समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी भंवर सिंह नरवरिया द्वारा किया गया। गया।इस अवसर भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीमती सुशीला नरवरिया, पंचायत के सदस्य हरिशंकर सिंह नरवरिया फौजी, केदार सिंह नरवरिया, लोधी समाज के जिला पदाधिकारी एडवोकेट महेश सिंह नरवरिया, विधायक प्रतिनिधि सुनील बाल्मिक, नगर पालिका उपाध्यक्ष भानु सिंह भदौरिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष रायसिंह नरवरिया,भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अतिराज सिंह नरवरिया एवं पार्षद गण विशेष रूप से मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री से रायपुर प्रेस क्लब के सदस्यों ने की सौजन्य मुलाकात

ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ अश्वनी अवस्थी



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश से आज यहाँ विधानसभा स्थित उनके कार्यालय कक्ष में रायपुर प्रेस क्लब के सदस्यों ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने केबिनेट की बैठक में प्रदेश भर के पत्रकारों के हित में छत्तीसगढ़ मीडिया कर्मी सुरक्षा विधेयक 2023 के प्रारूप के अनुमोदन के लिए मुख्यमंत्री के प्रति धन्यवाद ज्ञापित कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष दामू अम्बाडारे, कोषाध्यक्ष सुश्री शगुफ्ता शिरीन, मोहसिन अली एवँ सदस्यगण उपस्थित थे।

## एनएसएस शिविर का उद्देश्य युवा छात्रों को सामुदायिक सेवा से जोड़ना: न्यायाधीश नितेंद्र सिंह

केशब पंडित जी अम्बाह



**अम्बाह।** अम्बाह पीजी कॉलेज अंबाह की राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों का संयुक्त शिविर ग्राम बड़ी तोर अम्बाह में संपन्न हुआ। शिविर के समापन में मुख्य अतिथि प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड अंबाह श्री नितेंद्र सिंह तथा विशिष्ट अतिथि श्रीमती सिंह एवं जिला संगठक मुरैना डॉ शशि बल्लभ शर्मा, ग्रामीण प्रतिनिधि श्री एस. एस.तोमर तथा महंत श्री ओमकार दास जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रासेयो संरक्षण एवं अंबाह पी.जी कॉलेज अंबाह के प्राचार्य डॉ शिवराज सिंह तोमर ने की ।कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथियों ने मां सरस्वती का पूजन व स्वामी विवेकानंद जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर की। इसके पश्चात कार्यक्रम का संचालन करते हुए कार्यक्रम अधिकारी डॉ रक्षा कम्ठान ने किया। सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य जी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया इसके बाद कार्यक्रम अधिकारियों एवं दल नायकों ने माल्यार्पण और बैज लगाकर स्वागत किया। इकाई 01 के कार्यक्रम अधिकारी पंकज सिंह ने शिविर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। शिविरार्थियों ने शिविर के अनुभव अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत किए। इसके पश्चात मुख्य अतिथि माननीय न्यायाधीश जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर समानता का भाव एवं युवा छात्रों को सामुदायिक सेवा से जोड़ता है । तथा उनके व्यक्तित्व के विकास में योगदान देता है । इससे विद्यार्थियों की जीवन शैली और बेहतर बनती है। डॉ आर ए. एस चौहान ने उद्बोधन में कहा एन एस एस शिविर अनुशासन सिखाते हैं जो ज्ञान पुस्तकों से नहीं मिलता वह शिविरों के माध्यम से मिलता है। श्रीमती सिंह कहा समाज सेवा द्वारा शिक्षा युवाओं को ऊर्जावान और उत्साही बनाती है। जिला संगठक डॉ शशि बल्लभ शर्मा ने अपने उद्बोधन में एनएसएस शिविर में ईमानदारी से की गई भागीदारी आपके गुणात्मक वृद्धि करती है अंत में रासेयो संरक्षक डॉ तोमर जी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी वक्ताओं एवं अतिथियों का आभार ज्ञापित किया इस अवसर पर राम नरेश शर्मा, हरिओम शर्मा शिवदत्त शर्मा ,देवेंद्र लोहिया ,नीलेश शर्मा राजवीर शर्मा, राम कुमार मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ पूर्णिमा अग्रवाल ने सभी उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया।






# जूनियर एनटीआर के साथ काम करेंगी जाह्नवी



बॉलीवुड अभिनेत्री जाहनवी कपूर दक्षिण भारतीय स्टार जूनियर एनटीआर के साथ काम करती नजर आयेंगी। जाहनवी कपूर ,फिल्म एनटीआर 30 से तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रही है। इस फिल्म जूनियर एनटीआर की मुख्य भूमिका है। एनटीआर 30 की शूटिंग 23 मार्च से शुरू होगी। कहा जा रहा है कि यह फिल्म 2024 में रिलीज होगी।

एनटीआर 30 एक एक्शन फिल्म है, जिसका निर्देशन कोराताला शिवा कर रहे हैं।जूनियर एनटीआर और कोराताला शिवा पहले भी साथ काम कर चुके है। दोनों ने फिल्म जनता गैदार में साथ काम किया था। जाह्नवी कहती हैं, 'मैं सही में दिन गिन रही हूं जब मुझे उनके साथ काम करने को मिलेगा। मैं अपने डायरेक्टर को रोज मैसेज करती हूं। जूनियर एनटीआर के साथ काम काम करना मेरा सपना रहा है। मैंने आरआरआर को हाल ही में दोबारा देखा है. उनका चार्म इतना ज्यादा है। मेरी जिंदगी की सबसे बड़ी खुशियों में से एक उनके साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करना है।

# संजय दत्त ने लियो की शूटिंग पूरी की



बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त ने अपनी आने वाली फिल्म लियो की शूटिंग पूरी कर ली है। दक्षिण भारतीय फिल्म लियो के कश्मीर शेड्यूल की शूटिंग हाल ही में पूरी कर ली गई है। शूटिंग खत्म होने के बाद संजय दत्त ने कश्मीर के एशमुकाम दरगाह में शिरकत की और माथा टेका। 'लियो' में थलापती विजय लीड रोल में हैं। लियो एक मल्टीस्टारर फिल्म है। फिल्म लियो में विजय और संजय दत्त के अलावा गौतम वासुदेव मेनन, मनसूर अली खान, मसकिन, मेथ्यू थॉमस और अर्जुन सारजा नजर आएंगे। फिल्म लियो 19 अक्टूबर, 2023 को रिलीज होगी।

# रकुल फिनलैंड ट्रिप की तस्वीर शेयर की



बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिह ने फिनलैंड ट्रिप की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है। रकुल प्रीत सिंह इन दिनों फिनलैंड ट्रिप पर हैं। रकुल प्रीत सोशल मीडिया पर अपनी ट्रिप की फोटोज शेयर कर रही हैं। उन्होंने फिनलैंड में नॉरदन लाइट्स के साथ खूबसूरत फोटो शेयर की है। फिनलैंड की फोटो पोस्ट करते हुए रकुल ने लिखा, मैं खुशनसीब हूं की मैं इन मैजिकल लाइट्स को देख पाई। फिनलैंड की नॉरदन लाइट्स (ऑरोरा बोरिएलिस) आसमान में दिखने वाली सबसे खूबसूरत नेचुरल लाइट है। हाल ही में रकुल प्रीत सिंह 'छतरीवाली' में नजर आई थीं।जल्द ही रकुल प्रीत सिंह, कमल हसन के साथ 'इंडियन 2' में नजर आएंगी।

# 'कुंडली भाग्य' में पहली बार मां का किरदार निभाएंगी इरा सोन

अभिनेत्री इरा सोन, जिन्होंने 2007 में लोकप्रिय शो 'कुमकुम - एक प्यारा सा बंधन' से अपने अभिनय करियर की शुरूआत की थी और आखिरी बार 'देश की बेटी नंदिनी' में देखी गई थीं, सात साल बाद एकता कपूर की 'कुंडली भाग्य' के साथ छोटे पर्दे पर आने के लिए तैयार हैं। उन्होंने शो का हिस्सा बनने और पहली बार मां की भूमिका निभाने के बारे में बात की। शो में अपने किरदार के बारे में उन्होंने कहा, मैं लीप के बाद शो में मां का किरदार निभा रही हूं, जो मेरे पूरे करियर में पहली बार है।



सात साल बाद 'कुंडली भाग्य' में वापसी करने के बारे में उन्होंने कहा, मैंने 'कुंडली भाग्य' को चुना क्योंकि यह हिट शो है, इसकी कहानी शानदार है। मुझे लगा कि मां की भूमिका निभाने के लिए यह मेरे लिए बिल्कुल सही शो है। क्योंकि इसमें बहुत सारे शेड्स हैं और यह बाकियों से अलग है।

उन्होंने एक मां की भूमिका निभाने पर अपनी प्रतिक्रिया साझा करते हुए कहाः मैं शूटिंग के पहले दिन नर्वस थी कि मैं इसे कर पाऊंगी। लेकिन मैंने इसे एक चुनौती के रूप में लिया और यह मेरे लिए कुछ नया और अलग है, मैं काफी उत्साहित हूं। मुझे उम्मीद है कि मैं एक मां के किरदार में फिट हो जाऊंगी।

कम उम्र में मां की भूमिका निभाने के बारे में उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि आज किसी किरदार को निभाने की कोई उम्र सीमा है। मां का किरदार सिर्फ एक टिपिकल करेक्टर नहीं है, बल्कि उसका अपना शेड है और उसका अपना ग्राफ है, जिसे आप शो में देखेंगे। मैं इससे बेहद खुश हूं।

# मेरा परिवार मेरे बिकिनी लुक को पसंद करता हैं : ऋषिना कंधारी

'देवों के देव.. महादेव', 'तेनाली रामा', 'ये उन दिनों की बात है' जैसे टीवी शो में काम करने के लिए पहचान रखने वाली एक्ट्रेस ऋषिना कंधारी वर्तमान में 'ना उम्र की सीमा हो' का हिस्सा हैं। एक्ट्रेस की कुछ फोटोज वायरल हो रही है, जिसमें वह गोवा में फैमिली वेकेशन के दौरान बिकिनी लुक लुक पर बात की। ऋषिना ने कहा, मैं स्वभाव से बहुत शर्मीली हूं। लेकिन मेरे पति विशाल मेरा आत्मविश्वास बढ़ाते रहते हैं और मुझसे कहते रहते हैं कि मुझे खुद से आजाद हो जाना चाहिए।

मैं बहुत डरपोक लड़की थी और आज मैं जो कुछ भी हूं उनके सपोर्ट, विश्वास और भरोसे की वजह से हूं। उनके अनुसार, प्रत्येक महिला को अपने मन को उन बेड़ियों से मुक्त हो जाना चाहिए जो उन्हें वापस पकड़ती हैं। अपने जीवन और करियर में विजयी और आत्मनिर्भर बनकर बाहर आना चाहिए। इस बार जब ऋषिना गोवा में मिनी वेकेशन के लिए गई, तो उन्होंने बिकिनी पहनने का फैसला किया।



उन्होंने कहाः हम अपने बिजी शेड्यूल से छोटा सा ब्रेक लेकर गोवा गए। हम ऐसा बहुत बार करते हैं। मानसिक रूप से तनावमुक्त रहना बहुत जरूरी है। मेरा परिवार बहुत सपोर्टिव है और उन सभी को मेरा बिकिनी लुक पसंद आया। ऋषिना हमेशा फिट रही हैं। उन्होंने साझा कियाः फिट रहना बेहद जरुरी है। वर्कआउट हमारी डेली रुटीन में है। अच्छा दिखने का कोई दबाव नहीं है, लेकिन हम एक अनुशासित परिवार हैं।

जो फिटनेस को बहुत गंभीरता से लेते हैं। स्क्रीन पर इसे पहनने के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, टीवी शो सभी देसी लुक और सास बहू ड्रामा के बारे में हैं। उसमें बिकिनी पहनने की जरूरत नहीं है, लेकिन अगर मैं कोई वेब शो या फिल्म कर रही हूं और वे मुझे बिकिनी पहनने के लिए कहते हैं तो मैं निश्चित तौर पर पहनूंगी। जब भी सेलेब्रिटी सोशल मीडिया पर बिकिनी या स्विमवीयर में फोटोज पोस्ट करती हैं तो वे अक्सर आसानी से ट्रोलर्स का निशाना बन जाती हैं। उन्होंने कहाः मैंने अपनी बिकिनी फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट नहीं कीं, क्योंकि ट्रोलर्स के पास महिलाओं को नीचा दिखाने के अलावा कुछ नहीं है और वे पोस्ट पर गंदे कमेंट लिखते हैं।

बहुरंग

# राजामौली के साथ काम करना चाहती हैं हेमा मालिनी

बॉलीवुड अभिनेत्री हेमा मालिनी दक्षिण भारतीय फिल्म निर्देशक एसएस राजामौली के साथ काम करना चाहती हैं। हेमा मालिनी से पूछा गया कि क्या वह एसएस राजामौली के साथ काम करना चाहेंगी? इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा,



यदि एसएस राजामौलीजी मुझे एक अच्छी भूमिका प्रदान करते हैं, तो मैं निश्चित रूप से उनके साथ काम करना पसंद करूंगी। हेमा मालिनी काफी समय से फिल्म इंडस्ट्री से दूर हैं। जब उनसे पूछा गया कि वह फिल्मों में फिर वापस कब आएंगी। इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, "मैं कोई फिल्म या वेबसीरीज तभी करूंगी जब मुझे सही भूमिका मिलेगी। मैं एक अभिनेत्री हूं। मुझे अभिनय करना तभी अच्छा लगेगा, अगर कोई अच्छी भूमिका हो।

दिलचस्प

# आशुतोष राणा ने फिल्म 'भीड़' को लेकर किया खुलासा

बॉलीवुड अभिनेता आशुतोष राणा ने खुलासा किया कि राजकुमार राव ने फिल्म 'भीड़' के एक दृश्य को प्रामाणिक रूप से चित्रित करने के लिए वास्तव में थप्पड़ मारने के लिए कहा। 'वॉर', 'पगलेट' और 'हंगामा 2' जैसी फिल्मों में



प्रमुख भूमिकाएं निभाने वाले अभिनेता ने साझा किया, मुझे याद है जब राजकुमार ने एक श्य के दौरान उसे वास्तविक और विश्वसनीय बनाने के लिए मुझे उसे मारने के लिए विनती की थी। शुरूआत में मैं ऐसा करने के लिए तैयार नहीं था, लेकिन अनुभव ने हस्तक्षेप किया और मुझसे कहा कि अगर राजकुमार थप्पड़ स्वीकार करने को तैयार हैं, तो क्यों नहीं मारना चाहिए? उन्होंने आगे कहा, तो, हम आगे बढ़े और एक ही बार में शूट किया।

# अपने बयान पर सोनाली कुलकर्णी ने मांगी माफी



'दिल चाहता है', 'टैक्सी नंबर 9211' जैसी हिंदी फिल्मों में अपने काम के लिए पहचानी जाने वाली एक्ट्रेस सोनाली कुलकर्णी ने हाल ही में एक इवेंट में कहा कि भारतीय लड़कियां आलसी होती हैं। उन्होंने कहा कि लड़कियां अपने करियर को लेकर जुनूनी होने के बजाय अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए बॉयफ्रेंड या पति की तलाश करती हैं। बयान सामने आने के तुरंत बाद, एक्ट्रेस को इंटरनेट पर आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। जिसके बाद एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर माफी मांगी और केप्शन में लिखाः जिन महिलाओं ने संदर्भ को नहीं समझा, वे शायद आहत हैं लेकिन ईमानदारी से कहूं तो आपने जो कुछ भी कहा वह सही था। इसके अलावा, यह हर महिला के बारे में नहीं था, यह कुछ ऐसी महिलाओं के बारे में था जो वास्तव में ऐसा चाहती हैं।

उन्होंने अपने नोट में लिखाः सोनाली ने बयान जारी करते हुए लिखा कि मुझे मिल रही टिप्पणियां से मैं अभिभूत हूं। मैं आप सभी को और विशेष रूप से पूरे प्रेस और मीडिया को मुझसे जुड़ने के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं। खुद एक महिला होने के नाते मेरा इरादा दूसरी महिलाओं को ठेस पहुंचाने का नहीं था।

वास्तव में मैंने महिलाओं के समर्थन में बार-बार खुद को बड़े पैमाने पर व्यक्त किया है और यह एक महिला होने के नाते किया है। उन्होंने आगे लिखाः सराहना या आलोचना करने के लिए व्यक्तिगत रूप से मैं आप सभी की आभारी हूं। आशा है कि हम विचारों का अधिक खुला आदान-प्रदान करने में सक्षम होंगे। मैं अपनी क्षमता में न केवल महिलाओं के साथ, बल्कि पूरी मानव जाति के साथ सोचने, समर्थन करने और गर्मजोशी साझा करने की कोशिश कर रही हूं। यह तभी मजबूत होगा।

## सार समाचार

### अंकित की तूफानी पारी, पीजीडीएवी ने सीवीएस को रौंदा




**नई दिल्ली,** । अंकित कुमार (93 नाबाद) और अभिषेक (43 नाबाद) की विस्फोटक पारियों से मेजबान पीजीडीएवी कॉलेज ने सीवीएस कॉलेज को 10 विकेट से रौंदकर प्रथम स्वामी दयानंद सरस्वती डे-नाईट टी-20 इंटर कॉलेज टूर्नामेंट में जोरदार शुरुआत की। सीवीएस कॉलेज ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकट पर 143 रन बनाये। पीजीडीएवी कॉलेज ने अंकित-अभिषेक की आतिशी पारियों की मदद से 10.2 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। सीवीएस की ओर से प्रथम गोसाईं ने सर्वाधिक 67 रन बनाये, जबकि पीजीडीएवी के मुकुल यादव और ऋषि शर्मा ने दो-दो विकेट चटकाये। अंकित-अभिषेक की जोड़ी ने सीवीएस की गेंदबाजी की धज्जियां उड़ाते हुए इस स्कोर को छोटा साबित कर दिया। मैन ऑफ द मैच अंकित ने 44 गेंद पर 15 चौके और चार छक्के लगाकर नाबाद 93 रन बनाये, जबकि अभिषेक ने 19 गेंद पर पांच चौकों और तीन छक्कों के साथ 43 रन की अविजित पारी खेली। टूर्नामेंट के तीसरे दिन के खेल में एसएसएन कॉलेज से डॉ. इंद्र मोहन दत्ता और मोहित राणा के साथ मोतीलाल नेहरू सांध्य कॉलेज से डॉ कान्हा राम मीणा, डॉ मनोज राठी, संदीप टोकस और अजय उपस्थित रहे।

### फुटबॉल के राष्ट्रीय शिविर में शामिल हुए कोटल और महेश

**कोलकाता,** । भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने चोट से उबर रहे शिवाशक्ति नारायणन और ग्लेन मार्टिन्स की जगह रविवार को प्रीतम कोटल और नाओरेम महेश सिंह को यहां राष्ट्रीय शिविर में शामिल किया। भारत ने इम्फाल में होने वाले तीन देशों के आगामी अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट की तैयारी के लिये गुरुवार को अपना शिविर शुरु किया। इस टूर्नामेंट में टीम का सामना म्यामां (22 मार्च) और किर्गिस्तान गणराज्य (28 मार्च) को खुमान लम्पाक स्टेडियम में होगा। स्टिमक ने कहा, 'हमने अभी उन खिलाड़ियों के साथ तीन दिन ट्रेनिंग कर ली है जो हीरो आईएसएल फाइनल में नहीं थे। बाकी के खिलाड़ी आज (रविवार) को शिविर से जुड़ जायेंगे, इसलिये हम इम्फाल रवाना होने से पहले इन सभी के साथ एक ट्रेनिंग सत्र और करेंगे।

# विकास और परमजीत ने ओलंपिक-विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया

**नोमी** ■ भारत के 20 किमी पैदल चाल के एथलीट विकास सिंह और परमजीत सिंह बिष्ट ने रविवार को यहां एशियाई चैंपियनशिप में क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल करके 2024 में होने वाले पेरिस ओलंपिक और 2023 में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। विकास और परमजीत ने एशियाई 20 किमी पैदल चाल चैंपियनशिप के पुरुष वर्ग में क्रमशः 1:20:05 सेकेंड (एक घंटा, 20 मिनट, पांच सेकेंड) और 1:20:08 सेकेंड के साथ दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।



चीन के कियान हैफेंग (1:19:09) ने पहला स्थान हासिल किया। पेरिस में 2024 में होने वाले ओलंपिक खेल और हंगरी के बुडापेस्ट में इस साल अगस्त में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाइंग मार्क 1:20:10 है और दोनों भारतीय खिलाड़ियों ने इसे मामूली अंतर से हासिल किया। पिछले महीने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में जीत दर्ज करके ओलंपिक और विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने वाले अक्षदीप सिंह ने 1:20:57 का समय निकाला और वह पांचवें स्थान पर रहे।

प्रतियोगिता के नियमों के अनुसार कोई देश आधिकारिक प्रविष्टियों के अलावा ओपन वर्ग में खिलाड़ियों को भेज सकता है लेकिन उनका प्रदर्शन आधिकारिक नहीं माना जाएगा। भारत ने ओपन वर्ग में चार पुरुष और तीन महिला खिलाड़ी भेजे थे। पुरुषों के वर्ग में दो अन्य भारतीय सूरज पंवार और हरदीप ने क्रमशः 1:22:31 और 1:25:38 का समय निकाला। महिला वर्ग में पिछले महीने राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीतकर ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर चुकी प्रियंका गोस्वामी ने महिलाओं के आधिकारिक प्रवेश वर्ग में 1:32:27 का समय लेकर कांस्य पदक हासिल किया। वह कुल मिलाकर चौथे स्थान पर रही।

भारत की मुनीता पजापति और भावना जाट ओपन वर्ग में क्रमशः 1:33:22 और 1:36:20 के साथ बड़े अंतर से ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के क्वालीफाइंग मार्क 1:29:20 से चूक गईं। इस तरह से भारत के अब तक चार एथलीट ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं।

## वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका को हराया

**ईस्ट लंदन** ■ शाई होप ने वनडे कप्तान के रूप में अपने पहले मैच में शतक जमाया जिससे वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में शनिवार को यहां 48 रन से जीत दर्ज की। होप ने 115 गेंदों पर पांच चौकों और सात छक्कों की मदद से नाबाद 128 रन बनाए जिससे वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 335 रन का मजबूत स्कोर बनाया।

दक्षिण अफ्रीका की टीम इसके जवाब में कप्तान तेंबा बावुमा की 118 गेंदों पर 144 रन की लाजवाब पारी के बावजूद 41.4 ओवर में 287 रन पर आउट हो गई। बावुमा के अलावा सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने 26 गेंदों पर 48 रन की तूफानी पारी खेली।



वेस्टइंडीज की तरफ से अलजारी जोसेफ और अकील हुसेन ने तीन-तीन विकेट लिए। इससे पहले वेस्टइंडीज की तरफ से कप्तान होप के अलावा रोवमेन पॉवेल ने 46 और निकोलस पूरन ने 39 रन का योगदान दिया।

वेस्टइंडीज ने इस तरह से तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनाई। पहला मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। तीसरा और अंतिम मैच मंगलवार को खेला जाएगा।

# बल्लेबाजों का फ्लॉप शो, दूसरा वनडे दस विकेट से हारा भारत

### स्टार्क ने 53 रन देकर पांच विकेट लिये जिसमें से चार पहले स्पैल में लिये गए।

**विशाखापत्तनम** ■ मिशेल स्टार्क के पांच विकेट की मदद से आस्ट्रेलिया ने रविवार को दूसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में भारत को 117 रन पर आउट करने के बाद 11 ओवर में ही लक्ष्य हासिल करके दस विकेट से धमाकेदार जीत दर्ज की। पिछले मैच में तीन विकेट लेने वाले स्टार्क ने 53 रन देकर पांच विकेट लिये जिसमें से चार पहले स्पेल में लिये गए।

यह भारत का आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरा न्यूनतम स्कोर है। जवाब में आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को साधारण सा लक्ष्य हासिल करने में कोई दिक्कत नहीं आई। पिछले मैच में भी अर्धशतक जमाने वाले मिशेल मार्श ने 36 गेंद में छह चौकों और छह छक्कों की मदद से 66 रन बनाये जबकि ट्रेविस हेड 51 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने 30 गेंद की अपनी पारी में 10 चौके लगाये। आस्ट्रेलिया ने 11 ओवर में बिना किसी नुकसान के 121 रन बनाये और विजयी चौका मार्श ने अक्षर पटेल को जड़ा।

पहला मैच भारत ने जीता था और अब तीसरा तथा निर्णायक मैच 22 मार्च को चेन्नई में खेला जायेगा। भारत के सभी गेंदबाज महंगे साबित हुए और कोई विकेट नहीं ले सके। मोहम्मद शमी ने तीन ओवर में 29 रन दिये जबकि मोहम्मद सिराज ने इतने ही ओवर में 37 रन दे डाले। अक्षर पटेल ने तीन ओवर में 25 रन दिये। इससे पहले आस्ट्रेलिया के लिये सीन एबोट ने 23 रन देकर तीन और नाथन एलिस ने 13 रन देकर दो विकेट लिये। भारत का कोई बल्लेबाज आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों का सामना नहीं कर सका।




विराट कोहली ने 35 गेंद में 31 रन बनाये जबकि अक्षर पटेल ने नाबाद 29 रन की पारी खेली जिसमें दो छक्के शामिल थे। स्टार्क ने पहले स्पैल में छह ओवर में 31 रन देकर चार विकेट चटकाये। उन्होंने शुभमन गिल (0), रोहित शर्मा (13), सूर्यकुमार यादव (0) और केएल राहुल (नौ) को आउट किया। भारतीय टीम की लगातार दूसरे मैच में शुरूआत खराब रही और पहले पांच ओवर में स्टार्क ने कहर बरपा दिया।

गिल को पहले ओवर में खाता खोले बिना आउट करने के बाद उन्होंने कोहली और रोहित शर्मा की साझेदारी को भी तोड़ा। रोहित का कैच पहली स्लिप में स्टीव स्मिथ ने लपका। अगली गेंद पर सूर्य पगबाधा आउट हो गए जो पिछले मैच में भी पहली गेंद पर आउट हुए थे। उन्होंने केएल राहुल (नौ) को नौवें ओवर में पगबाधा आउट किया। रिव्यू के बाद भी फैसला गेंदबाज के पक्ष में गया और नौ ओवर के बाद भारत का स्कोर चार विकेट पर 48 रन था। एबोट ने 10वें ओवर की पहली गेंद पर हार्दिक पंड्या (1) को स्मिथ के हाथों लपकवाया। कोहली और जडेजा ने छठे ओवर के लिये 22 रन की साझेदारी की लेकिन नाथन एलिस ने इस साझेदारी का तोड़कर कोहली का कीमती विकेट लिया। जडेजा उनका अगला शिकार बने और विकेट के पीछे कैच दे बैठे।

## मोहन बागान ने जीता पहला आईएसएल

**फतोर्दा** ■ एटीके मोहन बागान (एटीकेएमबी) ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के रोमांचक फाइनल में बेंगलुरु एफसी को 2-2 (शूटआउट 4-3) से हराकर पहली बार यह खिताब जीत लिया है। पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम पर शनिवार को खेले गये मुकाबले में दिमित्री पेट्राटोस ने 14वें मिनट में एटीकेएमबी का खाता



खोला, लेकिन सुनील छेत्री (45+5वां मिनट) और रॉय कृष्णा (78वां मिनट) ने एक-एक गोल करके बेंगलुरु को बढ़त दिला दी। पेट्राटोस ने बेंगलुरु की जीत में बाधा बनते हुए 85वें मिनट में गोल किया और मैच को शूटआउट में पहुंचा दिया। शूटआउट में ऐलेन कोस्टा और कृष्णा ने बेंगलुरु के शुरुआती गोल किये।

जबकि पेट्राटोस और कोलाको ने मैरीनर्स के लिये गोल दागे। मैच में मोड़ तब आया जब विशाल कैथ ने बीएफसी के लिये तीसरी पेनल्टी लेने आये ब्रूनो रामिरेस को स्कोर नहीं करने दिया। कियान नसीरी ने गोल दागकर मैरीनर्स को 3-2 की बढ़त दिला दी। छेत्री और मनवीर ने बेंगलुरु और एटीकेएमबी की चौथी पेनल्टी में गोल दागे। बेंगलुरु को मैच में जीवित रखने के लिये पाबलो पेरेज़ को आखिरी पेनल्टी पर गोल करना था लेकिन दबाव में उनका निशाना गोलपोस्ट के ऊपर से निकल गया और मैरीनर्स ने 4-3 से जीत हासिल कर ली।

**महिला मुक्केबाजी विश्व चैम्पियनशिप**

# निकहत जरीन, मनीषा प्री क्वार्टरफाइनल में

**नई दिल्ली** ■ भारत की स्टार मुक्केबाज निकहत जरीन ने रविवार को यहां अल्जीरिया की बोआलम रोमायसा को हराकर महिला विश्व चैम्पियनशिप के प्री क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। पिछली बार की कांस्य पदक विजेता मनीषा मौन (57 किलो) ने भी आस्ट्रेलिया की राहिमी टीना को 5-0 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई। 50 किग्रा स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा कर रही निकहत ने मौजूदा अफ्रीकी चेम्पियन को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराकर




टूर्नामेंट में दूसरी जीत दर्ज की।

दोनों मुक्केबाजों ने सतर्क शुरुआत करते हुए सुरक्षित दूरी बनाये रखी। पिछले चरण में स्वर्ण पदक जीतने वाली निकहत ने पहला अंक जुटाया। अल्जीरियाई मुक्केबाज को इसके बाद अंक मिला जिसके बाद दोनों मुक्केबाजों ने एक दूसरे को पछाड़ने का प्रयास किया। निकहत ने जहां 'कॉम्बिनेशन' (सभी तरीकों के मुक्के) मुक्के जड़कर अंक जुटाये, वहीं रोमायसा ने भारतीय मुक्केबाज के 'ओपन गार्ड' (गार्ड नीचे करके खेलना) से फायदा उठाकर कई मुक्के जड़े। पहला राउंड निकहत के पक्ष में रहा।

दूसरे में भी उन्होंने रोमायसा को कोई मौका नहीं दिया जो आक्रामक होने की कोशिश कर रही थीं। फिर दोनों आक्रामक होने के बाद एक दूसरे को जकड़े रहीं लेकिन अंत में केडी जाधव स्टेडियम में निकहत जीतीं।

निकहत ने मुकाबले के बाद कहा,आज मेरी रणनीति दबदबा बनाने की थी क्योंकि रोमायसा शीर्ष वरीय मुक्केबाज थीं। वरीयता का फायदा होता है। मुझे भी वरीयता मिली।

अगर मैं शीर्ष वरीय को हराती हूं तो इससे 'जजों' पर प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा,मैंने उसके मुकाबले देखे हैं। अगर आप उसके करीब से खेलो तो वह काफी हावी हो जाती है। इसलिये मेरा लक्ष्य दूर से ही मुक्के जड़ने का था, हालांकि 'क्लिंचिंग' (एक दूसरे को जकड़ना) हुई।

## मैनचेस्टर सिटी एफए कप के सेमीफाइनल में

**लंदन,** । एर्लिंग हालेंड ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए हैट्रिक जमाई जिससे मैनचेस्टर सिटी ने बर्नले को 6-0 से हराकर एफए कप फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। हालेंड इस तरह से पिछले दो मैचों में आठ गोल कर चुके हैं। उन्होंने लिपजिग के खिलाफ मंगलवार को चैंपियंस लीग के मैच में मैनचेस्टर सिटी की 7-0 से जीत में पांच गोल किए थे।

मैनचेस्टर सिटी की यह सभी प्रतियोगिताओं में लगातार छठी जीत है।

## बोपन्ना एटीपी मास्टर्स 1000 का खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने

**इंडियन वेल्स** ■ भारत के रोहन बोपन्ना यहां बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मेट एबडेन के साथ पुरुष युगल का खिताब जीतकर एटीपी मास्टर्स 1000 प्रतियोगिता जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। बोपन्ना अभी 43 वर्ष के हैं।

उन्होंने और 35 वर्षीय एबडेन ने शनिवार को फाइनल में वेस्ले कूलहोफ और ब्रिटेन के नील स्कूपस्की की नीदरलैंड की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को 6-3, 2-6, 10-8 से हराया। अपने 10वें एटीपी मास्टर्स



1000 फाइनल में खेल रहे बोपन्ना ने कहा,वास्तव में विशेष। इसलिए इसे टेनिस का स्वर्ग कहा जाता है। मैं बरसों से यहां आ रहा हूं और लोगों को यहां खिताब जीतते हुए देख रहा हूं। मैं वास्तव में बहुत खुश हूं कि मैं और मेट यहां खिताब जीतने में सफल रहे।

## समाचार-आसपास

### मेजर क्रिकेट लीग के पहले सत्र का ड्राफ्ट ह्यूस्टन में

**ह्यूस्टन,** । जुलाई में होने वाली पहली मेजर क्रिकेट लीग (एमएलसी) के उद्घाटन सत्र का ड्राफ्ट सोमवार को यहां नासा जॉनसन अंतरिक्ष केंद्र पर निकाला जायेगा। एमएलसी में इंडियन प्रीमियर लीग के कई टीम मालिकों ने भी निवेश किया है जिनमें कोलकाता नाइट राइडर्स (लॉस एंजिलिस), चेन्नई सुपर किंग्स (टेक्सास) और दिल्ली कैपिटल्स (सिएटल) शामिल हैं। आयोजकों द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार छह टीमों की एमएलसी के ड्राफ्ट का सीधा प्रसारण भारत में स्पोर्टर्स 18 पर देख जा सकता है जबकि डिजिटल माध्यम से यह जियो सिनेमा पर देखा जा सकेगा।

### अगले साल तक तैयार हो जाएगा वाराणसी में क्रिकेट स्टेडियम

**लखनऊ,भाषा।** कानपुर, लखनऊ के बाद अब उत्तर प्रदेश को तीसरा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम वाराणसी में मिलने जा रहा है। इसके लिए जमीन की व्यवस्था हो गई है, उम्मीद है कि इसी साल मई जून माह के अंत तक स्टेडियम का काम शुरू हो जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने राजातालाब तहसील के गंजारी गांव में में 31 एकड़ जमीन खरीद ली है और उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) और भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) ने वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम बनाने के लिए यह जमीन इस माह के अंत तक सौंप दी जाएगी। स्टेडियम की तैयारियों का जायजा लेने इसी सप्ताह की शुरूआत में बीसीसीआई के सचिव जय शाह और उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने वाराणसी का दौरा भी किया था। यूपीसीए के निदेशक युध्दवीर सिंह ने रविवार को बताया,' वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने करीब 31 एकड़ जमीन राजातालाब तहसील के गंजारी गांव में चिन्हित की हैं।

### श्रीलंका फॉलोऑन करने के बाद भी न्यूजीलैंड से 303 रन पीछे

**वेलिंगटन,** । श्रीलंका ने फॉलोऑन करने के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन रविवार को यहां अपनी दूसरी पारी में दो विकेट पर 113 रन बनाए और उसे पारी की हार से बचने के लिए अब भी 303 रन की जरूरत है। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी चार विकेट पर 580 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी जिसके जवाब में श्रीलंका की टीम 164 रन पर आउट हो गई। न्यूजीलैंड ने इस तरह से पहली पारी में 416 रन की बड़ी बढ़त हासिल की और उसके कप्तान टिम साउदी ने श्रीलंका को फॉलोऑन के लिए आमंत्रित करने में कोई देर नहीं लगाई। न्यूजीलैंड ने एक महीने पहले इसी मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ फॉलोऑन करते हुए एक रन से रोमांचक जीत दर्ज की थी। श्रीलंका ने दूसरी पारी में सजग शुरुआत की। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय कुसल मेंडिस 50 और एंजेलो मैथ्यूज एक रन पर खेल रहे थे। पहली पारी में खाता खोलने में नाकाम रहे मेंडिस ने दूसरी पारी में तीसरे दिन का खेल समाप्त होने से ठीक पहले 96 गेंदों पर अपना 17वां अर्धशतक पूरा किया। तीसरे दिन के खेल में श्रीलंकाई बल्लेबाजी का आकर्षण कप्तान दिमुथ करुणारत्ने रहे। श्रीलंका ने सुबह अपनी पहली पारी दो विकेट पर 26 रन से आगे बढ़ाई तो करुणारत्ने ने नौवें विकेट के रूप में आउट होने से पहले टीम की तरफ से सर्वाधिक 89 रन बनाए।

## एक नजर...

# ग्वालियर में आज श्री श्याम गुणगान महोत्सव कलकत्ता के कलाकार करेंगे श्याम बाबा का श्रृंगार

### बाहर से आये कलाकार देंगे बाबा श्याम के भजनों की मनमोहक प्रस्तुति

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे



**ग्वालियर।** ग्वालियर शहर में हारे के सहारे खाटू श्याम बाबा का दरबार आज 21 मार्च 2023 को अचलनाथ शीश महल, चेतकपुरी साइंस कॉलेज के सामने सजने जा रहा है।जिसमे बाहर से आये कलाकार बाबा श्याम के भजनों की मनमोहक प्रस्तुति देंगे।जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में जानी मानी भजन गायिका उमा लहरी जी, शीतल पांडे, अतुल पारीक, ऋषिका ठाकुर अपनी मनमोहक प्रस्तुति देंगे व अपनी मधुर आवाज से भक्तो को रिझाएंगे।वहीं बेहतरीन म्यूजिक नरेश म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा दिया जाएगा।वहीं कार्यक्रम का लाइव प्रसारण आप सभी लोग मोर पंख क्रिएशन के द्वारा यू ट्यूब पर देख सकेंगे।वहीं कलकत्ता से आये कलाकार बाबा का दिव्य व मनमोहक श्रृंगार करेंगे। आयोजन समिति ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ शाम ठीक 07-15 बजे से किया जाएगा और प्रभु इच्छा कर जारी रहेगा।आप सभी धर्मप्रेमी बन्धुओ व हारे के सहारे बाबा श्याम के भक्तों से अनुरोध है कि कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधारकर कार्यक्रम को सफल बनाये।सम्पूर्ण आयोजन में मुख्य भूमिका की रूप में बाबा के बेटे ग्वालियर हैं।

# एक दिन के कलेक्टर शैलेंद्र ध्रुव की स्वास्थ की हाल जानने इंडियन रेड क्रॉस संरक्षक सदस्य पहुंचे

संवाददाता हेमचंद नागेश



छुरा। ग्राम पंचायत मेंढकीडरी के आदिवासी छात्र शैलेंद्र ध्रुव जो प्रोजेरिया बिमारी से ग्रसित है। शासन प्रशासन ने उनके एक दिन कलेक्टर बनने का सपना पूरा कर गरियाबंद जिले की एक अलग पहचान बनाएं। हाल ही में उनकी स्वास्थ्य कुछ ज्यादा ही बिगड़ी हुई थी जिनका इलाज के लिए रायपुर स्वास्थ्य विभाग द्वारा ले जाया गया।लेकिन मुलाकात करने पर जानकारी हुआ अब पहले से स्वस्थ है फिर भी सर में दर्द होते ही रहते हैं। समाजसेवी मनोज ने समय-समय पर जिला अस्पताल ले जाकर चेक कराने घरवालों को कहा गया सहयोगी साथी रेखराम ध्रुव भी पहुंचे थे और कहा कि हम ईश्वर से आपकी शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

# श्री राम भक्त मंडल ग्वालियर का दसवां वार्षिकोत्सव संपन्न





ग्वालियर। श्री राम भक्त मंडल लश्कर ग्वालियर का दसवां वार्षिकोत्सव बीती रात संकटमोचन हनुमान मंदिर गेंदघर महल के पास संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लाल टिपारा गौशाला के संचालक एवं गौरक्षक संत श्री ऋषभानंद महाराज थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मप्र चेंबर ऑफ कामर्स के मानसेवी सचिव दीपक अग्रवाल एवं दाल बाजार व्यापार समिति के अध्यक्ष दिलीप पंजवानी मौजूद रहे। कार्यक्रम में लाल टिपारा गौशाला के संचालक ऋषभानंद महाराज का श्री राम भक्त मंडल के अध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल ने शॉल एवं श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। वहीं मंडल के पदाधिकारियों ने विशिष्ट अतिथि दीपक अग्रवाल और दिलीप पंजवानी का दुपटटा एवं स्मृति चिन्ह भेंट किये गये। कार्यक्रम में वृंदावन के भजन गायक भुवनेश तिवारी एवं ग्वालियर की सुश्री रजनी शर्मा ने मधुर भजनों से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम में श्री राम भक्त मंडल के अरविंद मित्तल, कोषाध्यक्ष नरेन्द्र शर्मा, सचिव मुकेश खंडेलवाल, संयुक्त सचिव विशाल गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रेम किशोर गोयल, लेखराज प्रेमानी, कार्यकारिणी सदस्य नवल किशोर कुशवाह, मनोज बंसल , नितिन समाधिया, जितेन्द्र गर्ग, एवं मंडल के सहयोगी गौ सेवक मंडल पदाधिकारी एवं सदस्य के परिवारी गण भी मौजूद रहे। ज्ञातव्य है कि श्री राम भक्त मंडल विगत दस वर्षो से युगल श्री सियाराम जी हस्तकमल के आश्रय में सेवा कार्य कर रहा है। श्री राम भक्त मंडल आज भी भगवत भक्ति, गौसेवा एवं मानव सेवा की त्रिवेणी का समागम करते हुये सामान्य जन मानस को सनातन धर्म गौसेवा तथा मानव सेवा से जुडने के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। श्री राम भक्त मंडल ग्वालियर भी सभी धर्मप्रेमियों से आग्रह करता है कि सभी जन गौसेवा , मानव सेवा से जुडें और अन्य लोगों को भी जुडने के लिए प्रेरित करें।

# साहित्य जगत का वातावरण बदलना साहित्य परिषद का काम : पराड़कर

### ग्वालियर में परिषद की बैठक में हुई प्रान्त कार्यकारिणी की घोषणा, वार्षिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर सदस्यों को दिया प्रशिक्षण

महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर। अखिल भारतीय साहित्य परिषद, मध्य भारत प्रान्त की बैठक परिषद के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री श्रीधर पराड़कर काका के मुख्यातिथ्य में एक निजी होटल,क्षत्री मंडी, ग्वालियर में आयोजित की गई। जिसमें मध्यभारत प्रान्त के सभी जिलों से परिषद के जिला अध्यक्ष और अपेक्षित सदस्य उपस्थित रहे। साथ ही बैठक में परिषद के प्रदेश महामंत्री प्रवीण गुगनानी ,मध्य भारत प्रान्त के अध्यक्ष डॉ कुमार संजीव, महामंत्री आशुतोष शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण करके किया। सरस्वती वंदना कुमारी एकता गोस्वामी ने एवं परिषद गीत बाबू देवलाल घायल ने गाया।

प्रथम सत्र का संचालन महामंत्री आशुतोष शर्मा ने दूसरे सत्र का संचालन देवेंद्र तोमर ने एवं तीसरे सत्र का संचालन सुनील पांसे ने किया। जबकि आभार व्यक्त राष्ट्रीय हास्य कवि मुकेश शांडिल्य, हरदा ने किया। मुख्य अतिथि काका श्रीधर पराड़कर ने मौजूद सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय मे हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि समाज मे अच्छा साहित्य कैसे पहुंचाया जाए। लोगों को, आज वे जिस साहित्य को पढ़ रहे हैं ,उससे कैसे दूर करके समाज के लिए लाभदायक और लोगो में राष्ट्र प्रेम को बढ़ाने वाले साहित्य को पढ़ने के लिए कैसे प्रेरित किया जाएड़ उन्होंने कहा कि, जब तक लोगों को प्रभावी साहित्य पढ़ने को नही मिलेगा तब तक वे उसके प्रति लगाव कैसे लगाएंगेड़ साहित्य परिषद का काम सिर्फ साहित्य के कार्यक्रम आयोजित करने नही है। बल्कि हमारा काम है कि हम इन कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में अच्छे श्रोता, अच्छे पाठक तैयार करें। क्योंकि जब अच्छे पाठक मौजूद होंगे तो अच्छे साहित्य की मांग भी अपने आप बढ़ जाएगी। और जब पाठक ही अच्छा साहित्य पढ़ने लगेगा तो यकीन मानिए लोग भी अच्छा लिखना शुरू कर देंगे। कुल मिलाकर अच्छा साहित्य और अच्छे पाठक दोनों ही विगत 70 सालों से परोसे जा रहे दूषित साहित्य को हमारे समाज से दूर का सकते हैं। उन्होंने मौजूद सदस्यों को बताया कि वर्ष भर में हमारे तीन प्रमुख अयोजन होते हैं। जिन्हें हम साल भर में आयोजित करते हैं।जिनमे वर्ष प्रतिपदा, गुरु पूर्णिमा एवं शरद पूर्णिमा इनके अतिरिक्त भी हम साल भर



में अनेक कार्यक्रमो का आयोजन करते हैं। काका जी ने आज के नए साहित्यकारों और कवियों और लेखकों को समझया की वे अपने लिखे गए साहित्य को अच्छे से अच्छा लिखने की बजाय उसके प्रचार करने की ज्यादा चिंता करते हैं । लेकिन आप पाठक के मन को समझ कर लिखें आखिर उसे किसमे आनंद आता है। तो आपको प्रचार की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। उन्होंने तुलसीदास जी का उदाहरण देते हुए बताया कि ,उस समय प्रचार -प्रसार का कोई साधन नही था । उसके बाद भी ÷श्री राम चरित मानस आज तक कि सबसे बेस्ट सेलर किताब बनी हुई है। कुल मिलाकर आपके साहित्य में वो बात होनी चाहिए, कि पाठक एक पेज पढ़े तो दूसरे पेज को पड़ने में उसकी रुचि और बड़ जाये। और दूसरे पेज के बाद तीसरे चौथे पेज को पढ़े बिना रह न सके। कार्यक्रम को प्रदेश महामंत्री श्री प्रवीण गुगनानी ने भी संबोधित किया।उन्होंने आज परिषद की घोषित हुई कार्यकारिणी के सदस्यों को बताया की आप अपने काम के प्रति समर्पित भाव रखें, हम जो कर रहे हैं ये संगठन ने हमे जिम्मेदारी दी है और हमे अपनी जिम्मेदारी को निभाने के लिए समय देना चाहिए। उन्होंने आजकल की मीडिया के बारे के बारे में चिंता जाहिर करते हुए कहा ,कि लोग कुछ भी दिखा रहे हैं ,कुछ भी खबरें चला रहे हैं। इसलिए अब हमारी मेहमत और अधिक बड़ जाती है कि हम अपने आस पास के बातावरण को सुधारें। लोगों तक अच्छे साहित्य को पहुंचाए। अच्छी अच्छी किताबें खुद भी पड़ें और दूसरों को भी पड़ने को प्रेरित करें। हमारे कार्यक्रमो में सिर्फ हमारे सदस्य ही नही बल्कि आसपास के वुद्धिजीवी, साहित्यकार, कवियों एवं आम जनता के लोगों को भी जोड़ें। प्रान्त अध्यक्ष डॉ कुमार संजीव ने परिषद के वर्ष भर के कार्यक्रमों का वृत्त प्रस्तुत किया। एवं उन्होंने सबसे कहा कि परिषद को और परिषद के कार्यों को समझने के लिए साहित्य परिषद का इतिहास एवं साहित्य का धर्म ये दो पुस्तकें सबको पढ़नी चाहिए। जिससे हमें पता चलेगा कि हमको करना क्या है । प्रान्त महामंत्री आशुतोष शर्मा ने परिषद के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। जिसमे आगामी 9 एवं 10 सितंबर को विदिशा में प्रांतीय अधिवेशन होना है। और उससे पहले प्रत्येक जिले में जिला सम्मेलन एवं केंद्र एवं प्रान्त से प्रवास के कार्यक्रम किये जाने हैं। एवं साहित्य संवर्धन यात्रा के यात्रा वृतांतों का शीघ्र संकलन किया जाकर उन्हें भिजवाने की बात कही। इनको मिली नई जिम्मेदारी। अखिल भारतीय साहित्य परिषद की मध्य भारत प्रान्त की कार्यकारिणी की घोषणा प्रान्त अध्यक्ष डॉ . कुमार संजीव और महामंत्री आशुतोष शर्मा ने राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीधर पराड़कर प्रदेश महामंत्री प्रवीण गुगनानी की उपस्थिति में कार्यक्रम के अंत मे की। जिसमे प्रांतीय उपाध्यक्ष श्रीमति रमा सिंह गुना, श्रीमति ममता वाजपेयी भोपाल, सुनील पांसे भोपाल, एवं दिनेश याग्निक रायसेन को बनाया गया है। प्रान्त मंत्री की जिम्मेदारी ब्रह्मदत्त श्रीवास्तव दतिया,मुकेश शांडिल्य चिराग हरदा,श्रीमती सुनीता यादव भोपाल, श्रीमति करुणा सक्सेना ग्वालियर को दी गयी है। प्रान्त मीडिया प्रभारी का दायित्व जयपाल सिंह जाट, शिवपुरी, एवं सह मीडिया प्रभारी राकेश सिंह भोपाल एवं नवल वर्मा बैतूल को सौंपा गया है। संभागीय मीडिया प्रभारी ग्वालियर रामचरण चिड़ार रुचिर÷एवं अमित बिल्लोरे को नर्मदापुरम का संभागीय मीडिया प्रभारी बनाया गया है। इनके साथ ही प्रान्त युवा आयाम प्रभारी पुष्पक देशमुख बैतूल, इनके साथ सह प्रभारी पुरु शर्मा, भोपाल ध्रुव शर्मा, विदिशा,अंकित अग्रवाल ग्वालियर एवं विकाश शुक्ल प्रचण्ड शिवपुरी को दिया है। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से पधारे हुए कार्यकर्ता गण, पदाधिकारी गण, मध्यभारतीय हिन्दी साहित्य सभा ग्वालियर के अनेक पदाधिकारी गण एवं आमंत्रित अतिथि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# विधायक डॉ. सिकरवार की माताजी को श्रृद्धाजंली अर्पित करने लगा लोगों का तांता





**ग्वालियर।** पूर्व विधायक गजराज सिंह सिकरवार की धर्मपत्नि, महापौर श्रीमती शोभा सिकरवार की सासु मॉ, विधायक डॉ. सतीश सिकरवार, पूर्व विधायक सत्यपाल सिंह सिकरवार 'नीटू' एवं सत्यप्रकाष सिंह सिकरवार 'सोनू' की माताजी श्रीमती रामकुमारी सिंह के असमायिक निधन पर आज रंगमहल गार्डन में षोक सभा आयोजित की गई। षोक सभा में हजारों की संख्या में महिला-पुरूश पहुॅचकर विनम्र पुश्पाजंलि अर्पित की और सभी परिजनों को सांत्वना दी और मृत आत्मा की षांति के लिये ईष्वर से प्रार्थना की। श्रृद्धाजंली सभा में भजनों की प्रस्तुति राकेष जैन, जयप्रकाष षर्मा, राहुल सिंह, कुनाल षर्मा आदि ने दी।

शहर के ए.जी. ऑफिस पुल के पास स्थित रंगमहल गार्डन में श्रृद्धाजंली सभा में ग्वालियर शहर के अलावा अंचल के अन्य जिलों से बडी संख्या में राजनेता एवं गण



मान्य नागरिक पहुॅचे और स्व. श्रीमती रामकुमारी सिंह सिकरवार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रृद्धाजंली दी। श्रृद्धाजंली देने के लिये लगभग 3 घण्टे गण मान्य नागरिकों का तांता लगा रहा। संत-महात्मा गण, राजनेता, प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों, समाजसेवी, व्यापारी एवं पत्रकारों ने श्रृद्धाजंली अर्पित की। पुष्पाजंली अर्पित करने वालों में दंदरौआ सरकार के महंत रामदास महाराज, संत कृपाल सिंह महाराज, पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन (झांसी), पूर्व सासंद डॉ. रामलखन सिंह, डॉ. गुलाब सिंह किरार, रामसेवक सिंह 'बाबूजी', पूर्व मंत्री श्रीमती माया सिंह, ध्यानेन्द्र सिंह, रूस्तम सिंह, अनूप मिश्रा, रामनिवास रावत, विधायक संजीव सिंह कुशवाह, रविन्द्र सिंह भिडौंसा, राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त रघुराज सिंह कंषाना, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक सिंह, जिलाध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा, भाजपा नेता वेदप्रकाश शर्मा, कमल माखीजानी, अशोक शर्मा, दिलीप शर्मा, स्टेट बार कॉउसिंल के प्रदेश अध्यक्ष प्रेमसिंह भदौरिया, चेम्बर के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल, अपर कमिश्नर मुकुल गुप्ता, पूर्व कलेक्टर विनोद शर्मा, आर.के. जैन, डी.एस.पी नरेश बाबू अन्नोटिया, श्रीमती रूचि राय गुप्ता, श्रीमती संजू जाटव, श्रीमती नीरू ज्ञानी, श्रीमती ममता कटारे, श्रीमती स्वदेश भोला आदि मौजूद रहे।

# न्यायालय में झूठी गवाही देने वाले को न्यायालय ने कठोर कारावास का दण्ड सुनाया

सहायक मीडिया सेल प्रभारी शैलेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा बताया गया कि फरियादी महेन्द्र व आरोपी देशराज के मध्य जमीनी विवाद चल रहा था इसी रंजिश पर से दिनांक 10.06.2012 को सुबह करीब 09-00 बजे देशराज फर्सा, डम्पी कुल्हाड़ी रविन्द्र लाठी सतेन्द्र सिंह, नाहर सिंह माउजर कट्टा अशोक सिंह, लल्लू सिंह एवं तीन चार अन्य लोग बेसवाल बेंत लाठी लेकर एक राय होकर आये जिसमें से नाहर सिंह व सतेन्द्र ने कट्टा से फायर किए तथा आरोपी देशराज ने सुरेन्द्र को जान से मारने की नियत से फर्सी मारा जो सिर तथा आरोपी देशराज ने सुरेन्द्र को जान से मारने की नियत से फर्मा मारा जो सिर में बायीं तरफ लगा, जिससे घाव होकर खून निकल आया। डम्पी ने कुल्हाडी आहत सुरेन्द्र सिंह को जाने से मारने की नियत से सिर में मारी उसने बचाव में बायां हाथ उपर किया जिससे उसे हाथ की गाई कट गई, सभी आरोपीगण ने एकराय होकर लाठी, फर्सा, कुल्हाडी से मारपीट की थी जिससे आहतगण को शरीर में चोटें आयी, देवेन्द्रसिंह, परिमाल सिंह, रामबरन ने आकर बीच बचाव कराया। आरोपीगण सतेन्द्र नाहर सिंह कट्टों से फायर करते हुए भाग गये। उक्त सत्र प्रकरण में विचारण के दौरान साक्षी राधचरन सुरेन्द्र, जितेन्द्र, नरेन्द्र. प्रदीप, प्रेमसिंह . महेन्द्र के संबंध में इस आशय की साक्ष्य आई है कि उक्त साक्षीगण शपथ पर न्यायालय में साक्ष्य देते हुए या तो मुख्य परीक्षण में असत्य बोल रहे हैं या प्रतिपरीक्षण में बचाव पक्ष के सुझाव को स्वीकार कर उन्होंने असत्य कथन किये है, जिस पर से उक्त प्रकरण में घोषित निर्णय दिनांकित 12-08.2015 में साक्षीगण (इस प्रकरण में अभियुक्तगण) के विरूद्ध माननीय द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश गोहद द्वारा यह निष्कर्षित किया गया है कि न्याय प्रशासन पर प्रभाव डालने वाला अपराध साक्षीगण के द्वारा किया गया है जिसके कारण उनके विरूद्ध उचित व अग्रिम कार्यवाही करने हेतु यह परिवाद पत्र न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी को भेजा गया जिस पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा सज्ञान लेकर विचारण किया गया। जिसके पश्चात आरोपीगण महेन्द्र सिंह पुत्र महाराजसिंह, जितेन्द्र सिंह पुत्र रोशन सिंह, प्रेमसिंह पुत्र महाराजसिंह को दंडित किया गया। मान0 न्यायालय जेएमएफसी, गोहद जिला भिण्ड द्वारा दिनांक 17/03/2023 को अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य से सहमत होते हुये अभियुक्तगण महेन्द्र सिंह पुत्र महाराजसिंह, उम्र 32 वर्ष, जितेन्द्र सिंह पुत्र रोशन सिंह, उम्र 35 वर्ष, प्रेमसिंह पुत्र महाराजसिंह, उम्र 48 वर्ष, को धारा 193 भादवि में 06-06 माह का सश्रम कारावास तथा 500-500 /- रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

# दिल्ली छात्रावास निर्माण के लिए प्रयास तेज करने का संकल्प

पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सैणचा

नई दिल्ली - रविवार को दिल्ली में अखिल भारतीय सीरवी समाज, दिल्ली ( पंजी. ) के अध्यक्ष भंवरलाल परिहारिया ( बासना - सोजत ) की अध्यक्षता में दिल्ली समाज की शाहदरा स्थित उनके निवासी स्थान पर अहम मिटिंग सम्पन्न हुई। मिटिंग में दुर्गाप्रसाद परिहार, समाज के प्रथम आईईएस, निम्बेहड़ा कला हाल जयपुर, गोपाराम पंवार, बिलाड़ा हाल जोधपुर, शोभाराम बर्फा, जनरल सचिव,चावण्डिया- जैतारण हाल त्रिनगर, राजूराम चोयल उदलियावास- बिलाड़ा हाल रोहिणी, प्रतापराम राठौड़, कोषाध्यक्ष, सवराड़ - मा.ज. हाल शाहदरा, लालाराम हाम्बड़, समाजसेवी बांता- मा.ज. हाल गाजियाबाद, ताराराम चोयल, वोपारी - मा.ज. हाल शाहदरा, गोविंद हाम्बड़ बांता - मा.ज. हाल गाजियाबाद, गेनाराम सेणचा, पिपलाद सोजत हाल गांधीनगर श्रवण राठौड़, बिलाड़ा - जोधपुर हाल रोहिणी, डॉ. महेंद्र पंवार, हुनावास - जैतारण हाल ऐम्स, तेजाराम आगलेचा, जोजावर - मा.ज. हाल ईस्ट ऑफ कैलाश, बुद्धाराम परिहारिया, बासिया रायपुर हाल करोलबाग, मोहनलाल परिहारिया, खोखरा - सोजत हाल शाहदरा, डॉ. भवरलाल काग, निप्पल - देसूरी हाल चाणक्यपुरी, रतनलाल सेणचा, गरनिया -मा.ज. हाल करोलबाग, रामलाल परिहार, पिपलिया - रायपुर हाल रोहिणी, दिनेश आगलेचा, जोजावर - मा.ज. हाल इस्ट ऑफ



कैलाश उपस्थित रहे, इस मिटिंग में अबतक किये गये प्रयासों व प्राप्त सहयोग सहित विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा उपरांत निम्न निर्णय लिए गये। 1. सीरवी समाज भवन मय छात्रावास के लिए जारी एक साल शिक्षा के नाम अभियान की अवधि को एक साल के लिए बढाया जाता है तथा अभियान समन्वयक की भूमिका गोपाराम पंवार पूर्व की तरह निभाते रहेंगे। 2. धर्मगुरु श्रीमान दीवान साहब से समय लेकर उसी अनुसार दिल्ली छात्रावास को लेकर अबतक योगदान देने वाले सभी भामाशाहों व दानदाताओं का मान - सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। 3. समाज के वरिष्ठ महानुभावों के सुझाव अनुसार दिल्ली में अध्ययनरत में से जरूरतमंद विध्यार्थीयों के लिए दिल्ली में किराए के भवन में अस्थाई छात्रावास संचालन का प्रस्ताव लिया गया। इस हेतु समाज के 11वरिष्ठ सदस्यों के दल का गठन किया गया जो अतिशीध्र स्थान चयन सहित आवश्यक सभी औपचारिकता पूरी करेंगें। 4. अस्थाई छात्रावास संचालन का खर्च समाज के महानुभावों से छात्रावास संचालन मद में संस्था में राशि लेकर व्यय की जायेगी। 5. सीरवी समाज भवन मय छात्रावास निर्माण के लिए भी 200 वर्गगज तक के भूखंड या भवन हेतु स्थान चयन मय क्रय हेतु 11 वरिष्ठ महानुभावों को जिम्मेदारी दी गई ताकि प्राप्त व घोषित राशि का उपयोग समय पर, आयकर को ध्यान में रखते हुए सुनिश्चित किया जा सके। 6. मिटिंग में उपस्थित सभी महानुभावों ने दिल्ली छात्रावास के लिए तन, मन व धन के साथ ज्ञान से भी समर्पित भाव से अखिल भारतीय सीरवी समाज के सहयोग प्राप्त कर आगे बढने का संकल्प लिया। ये जानकारी गोपाराम पंवार द्वारा दी गई।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478